संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

# दैनिक घटती घटना

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-136 रविवार, 17 मार्च 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## संक्षिप्त खबरें

### सपा नेता आजम खान को बड़ा झटका, डूंगरपुर केस में दोषी करार



रामपुर,16 मार्च 2024। लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बीच सपा नेता आजम खान को बड़ा झटका लगा है। डूंगरपुर केस में उन्हें दोषी करार किया गया है। 18 मार्च को सजा सुनाई जाएगी। इस पूरे मामले में कोर्ट ने पूर्व पालिका अध्यक्ष अजहर अहमद खान और पूर्व क्षेत्राधिकारी आले हसन को भी दोषी करार दिया है। इस मामले में कुल मिलाकर 4 लोगों को दोषी करार दिया गया है। दरअसल समाजवादी पार्टी के शासनकाल में डूंगरपुर में आसरा आवास बनाए गए थे। इस जगह पर पहले से कुछ लोगों के मकान बने हुए थे। आरोप था कि सरकारी जमीन बताकर 2016 में मकानों को तोड़ दिया गया था। इस मामले में पीड़ितों ने लूटपाट का आरोप भी लगाया था।

### अजय प्रताप सिंह ने राज्यसभा सांसद ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली,16 मार्च 2024। लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को बड़ा झटका लगा है। राज्यसभा सांसद अजय प्रताप सिंह ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। अजय प्रताप सिंह ने कार्यकर्ताओं की अनदेखी का पार्टी पर आरोप लगाया है।



### अनुराधा पौडवाल भाजपा में शामिल



नई दिल्ली,16 मार्च 2024। लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा में अब कुछ ही घंटों का वक्त बचा है। निर्वाचन आयोग आज दोपहर तीन बजे इसकी घोषणा करने जा रहा है। वहीं देश में आचार संहिता लगने से पहले लोगों का राजनीतिक दलों में शामिल होना जारी है। इसी क्रम में बॉलीवुड की मशहूर सिंगर और भजन गायिका अनुराधा पौडवाल आज भाजपा में शामिल हो गई हैं।

# लोकसभा चुनाव की तारीखों का हुआ ऐलान




## किस राज्य में किस चरण में होंगे मतदान?

नई दिल्ली,16 मार्च 2024। चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। इस बार आम चुनाव 7 चरणों में होंगे। पहला चरण 19 अप्रैल को और आखिरी 1 जून को सम्पन्न होगा। वोटों की गिनती 4 जून को की जाएगी।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि वह एक यादगार लोकसभा चुनाव सुनिश्चित करेंगे। नवनियुक्त चुनाव आयुक्तों और मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा की। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि इस बार के चुनाव में 1.82 करोड़ युवा वोटर्स हैं, जिसमें 18 से 29 साल के साढ़े 21 लाख वोटर हैं।

किस राज्य में किस चरण में होंगे चुनाव? अलग-अलग चरणों में अलग-अलग राज्यों में मतदान होगा। लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही देश में आचार संहिता की घोषणा हो गई।

**फेज 1:** अरुणाचल प्रदेश, बिहार, असम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, अंडमान एंड निकोबार, जम्मू-कश्मीर, लक्षद्वीप और पुडुचेरी शामिल हैं।

**फेज 2:** असम, बिहार, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू-कश्मीर।

**फेज 3:** असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र,उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव और जम्मू कश्मीर।

**फेज 4:** आंध्र प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और जम्मू कश्मीर।

**फेज 5:** बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव और जम्मू कश्मीर।

**फेज 6:** बिहार, गुजरात, झारखंड, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली।

**फेज 7:** बिहार, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और चंडीगढ़।

## लोकसभा चुनाव इस बार सात चरणों में होंगे

### किस राज्य में किस चरण कौन सी सीट पर होगा मतदान

पांचवें फेज का नोटिफिकेशन 26 अप्रैल को जारी होगा। 3 मई तक नामांकन दाखिल करने का समय दिया जाएगा। 4 मई को नामांकन पत्र की जांच होगी। 6 मई तक नामांकन वापस लिया जा सकता है। पांचवें फेज के लिए वोटिंग 20 मई को होगी। पांचवें चरण में 8 राज्यों की 49 लोकसभा सीटों पर मतदान किया जाएगा।

छठे फेज का नोटिफिकेशन 29 अप्रैल को जारी किया जाएगा। 6 मई तक नामांकन दाखिल किए जा सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच 7 मई को की जाएगी और 9 मई तक नामांकन वापस लिया जा सकता है। छठे फेज लिए 7 राज्यों की 57 लोकसभा सीटोंपर वोटिंग 25 मई को होगी। सातवें और अंतिम चरण के लिए नोटिफिकेशन 7 मई को जारी होगा। 14 मई तक नामांकन दाखिल करने का समय दिया जाएगा। 15 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 17 मई तक नामांकन वापस लिया जा सकता है। अंतिम चरण की वोटिंग 1 जून को होगी। अंतिम चरण में 8 राज्यों की कुल 57 लोकसभा सीटों पर वोटिंग होगी।

### किस फेज में कितने सीटों पर होगी वोटिंग?

पहले चरण में नार्थ ईस्ट, तमिलनाडु, राजस्थान, जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड सहित कई राज्यों में वोटिंग होगी। पहले चरण में 21 राज्यों में चुनाव होगा। पहले चरण की शुरुआत 20 मार्च से होगी। फेज 1 का नोटिफिकेशन 20 मार्च को जारी होगा। नॉमिनेशन दाखिल करने की आखिरी तारीख 27 मार्च होगी। फेज 1 में 19 अप्रैल को मतदान किया जाएगा। इस फेज में 102 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। दूसरे चरण की शुरुआत 28 मार्च से होगी नोटिफिकेशन 28 मार्च को जारी किया जाएगा। 4 अप्रैल तक नामांकन दाखिल किया जा सकेगें। दूसरे फेज का मतदान 26 अप्रैल को होगा। फेज 2 में नार्थ ईस्ट, तमिलनाडु, राजस्थान में चुनाव होंगे। इस फेज में 13 राज्यों के 89 लोकसभा सीटों पर वोटिंग होगी।

तीसरे फेज का नोटिफिकेशन 12 अप्रैल को जारी होगा। 19 अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं। 20 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 22 अप्रैल तक नांमाकन वापस लिए जा सकते हैं। तीसरे फेज के लिए 7 मई को वोटिंग होगी। इस चरण में 12 राज्यों की कुल 94 लोकसभा सीटों पर वोटिंग होगी। चौथे फेज का नोटिफिकेशन 18 अप्रौल को जारी होगा। 25 अप्रैल तक नामांकन दाखिल किए जा सकते हैं। 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 29 अप्रैल तक नामांकन वापस लिया जा सकता है। चौथे फेज में 13 मई को 10 राज्यों की 96 लोकसभा सीटों पर वोटिंग होगी।

## लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री ने देशवासियों को लिखा पत्र

# पीएम मोदी ने देश के विकास के लिए लोगों से मांगे सुझाव



नई दिल्ली,16 मार्च 2024। लोकसभा चुनाव की घोषणा होने से चंद घंटों पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों के नाम एक चिट्ठी लिखी। जिसमें उन्होंने अनुच्छेद 370, ट्रिपल तलाक जैसे अपनी सरकार के कुछ ऐतिहासिक फैसलों का जिक्र किया। साथ ही समर्थन के लिए देशवासियों का आभार व्यक्त किया।

पत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि लोगों के साथ उनकी साझेदारी एक दशक पूरा करने की दहलीज पर है। पीएम मोदी ने विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में मदद के लिए सुझाव भी मांगे हैं। उन्होंने कहा है कि राष्ट्रनिर्माण के लिए हमारे प्रयास बिना थके, बिना रुके अनवरत जारी रहेंगे, ये मोदी की गारंटी है।

पीएम मोदी ने 'मेरे प्रिय परिवार के सदस्य' से संबोधन शुरुआत की। प्रधान मंत्री ने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों का विश्वास और समर्थन उन्हें प्रेरित करता है। पीएम मोदी ने इस बात पर जोर देते हुए कि उनकी सरकार ने गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए गंभीर प्रयास किए हैं। इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि पिछले 10 वर्षों में उनके जीवन में आया परिवर्तन है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से पक्के मकान, सभी के लिए बिजली, पानी और एलपीजी की पहुंच, आयुष्मान भारत के माध्यम से मुफ्त चिकित्सा उपचार, किसानों को वित्तीय सहायता, मातृ वंदना योजना के माध्यम से महिलाओं को सहायता और कई अन्य प्रयासों की सफलता संभव हुई है। केवल उस भरोसे के कारण जो आपने मुझ पर रखा है।

### निर्माण और विरासत का कायाकल्प दोनों देश ने देखा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बात पर जोर देते हुए कि भारत परंपरा और आधुनिकता दोनों पर ध्यान केंद्रित करके आगे बढ़ रहा है, पीएम ने कहा कि देश ने अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे का अभूतपूर्व निर्माण और हमारी समृद्ध राष्ट्रीय और सांस्कृतिक विरासत का कायाकल्प दोनों देखा है।

यह आपके विश्वास और समर्थन का ही नतीजा है कि हम जीएसटी लागू करना, अनुच्छेद 370 को हटाना, तीन तलाक पर नया कानून, संसद में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए नारी शक्ति वंदन कानून, एक नया संसद भवन और आतंकवाद और वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ मजबूत कदम जैसे कई ऐतिहासिक और बड़े फैसले ले सके।पीएम मोदी ने आगे लिखा कि लोकतंत्र की सुंदरता जनभागीदारी या सार्वजनिक भागीदारी में निहित है। यह आपका समर्थन है जो मुझे देश के कल्याण के लिए साहसिक निर्णय लेने, महत्वाकांक्षी योजनाएं बनाने और उन्हें सुचारू रूप से लागू करने की अपार शक्ति देता है।

मुझे आपके विचारों, सुझावों और समर्थन की आवश्यकता है और मैं वास्तव में उत्सुक हूं। क्योंकि हम एक विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं।

## आतंकवाद के खिलाफ गृह मंत्रालय की बड़ी कार्यवाही

# यासीन मलिक की पार्टी पर और 5 साल के लिए रहेगी प्रतिबंधित

नई दिल्ली,16 मार्च 2024। गृह मंत्रालय ने आतंकवाद पर एक बार फिर बड़ा एक्शन लिया है। मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट पर लगा बैन पांच साल के लिए बढ़ा दिया है।




गृह मंत्रालय ने कहा कि उसका नया कदम जेकेएलएफ-वाई नामक संगठन के खिलाफ प्राप्त इनपुट के बाद आया है, क्योंकि वह उन गतिविधियों में शामिल है, जो देश की सुरक्षा से खिलवाड़ कर सकती है। गृह मंत्रालय ने 22 मार्च 2019 को जेकेएलएफ-वाई को एक गैरकानूनी पार्टी घोषित किया था। गृह मंत्रालय ने बताया कि जेकेएलएफ-वाई अभी भी भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बाधित करने के उद्देश्य से राष्ट्र-विरोधी और विध्वंसक गतिविधियों में शामिल है। यह आतंकवादी संगठनों के साथ संपर्क में है और जम्मू-कश्मीर और अन्य जगहों पर उग्रवाद का समर्थन कर रहा है।

जेकेएलएफ-वाई भारतीय क्षेत्र के एक हिस्से को देश से अलग करने के दावों का समर्थन और उकसा रहा है और भारत की क्षेत्रीय अखंडता को बाधित करने के इरादे से गतिविधियों में शामिल होकर इस उद्देश्य के लिए लड़ने वाले आतंकवादी और अलगाववादी समूहों का समर्थन कर रहा है।

आतंकवाद के प्रति जीरो टोलरेंस की नीति अपनाते हुए गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर पीपुल्स लीग के चार संगठनों जेकेपीएल, जेकेपीएल, जेकेपीएल और जेकेपीएल पर बैन लगा दिया है। ये संगठन जम्मू-कश्मीर में आतंक भड़काने और अलगाववाद को बढ़ावा देने में शामिल थे।

# अरविंद केजरीवाल को मिली जमानत



नई दिल्ली,16 मार्च 2024। दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंचे। जहां राउज एवेन्यू कोर्ट ने दोनों पक्षों को संबंधित दस्तावेज पेश करने के लिए कहा।

सुनवाई के दौरान अरविंद केजरीवाल के वकील रमेश गुप्ता ने कहा कि ईडी की तरफ से पूरे दस्तावेज नहीं दिए गए हैं. वो दिए जाएं। जिसके बाद कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को जमानत के लिए 15 हजार के मुचलके पर बेल बॉन्ड भरने का आदेश देते हुए जमानत मंजूर कर ली।

# नाबालिग से बलात्कार करने पर बुजुर्ग को मिली 83 की साल सजा

नई दिल्ली,16 मार्च 2024। महिलाओं के साथ बलात्कार, यौन उत्पीड़न और छेड़खानी जैसी घटनाएं बदस्तूर जारी हैं. महिलाएं और लड़कियां बाहर तो छोड़िए घर में भी असुरक्षित हैं. राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आकंड़ों पर गौर करें तो अपने देश में 96 फीसदी रेप केस में रेपिस्ट पीड़िता के रिश्तेदार या परिचित होते हैं. साल 2021 में रेप के 30571 ऐसे मामले दर्ज किए गए, जिनमें वारदात करने वाला पीड़िता के जानकार थे. रेप के 2424 मामलों में तो पीड़िता के परिवार के किसी सदस्य ने ही उसके साथ वारदात को अंजाम दिया था. इसी तरह का एक मामला केरल में पलक्कड़ में सामने आया है. बलात्कार के एक मामले में पीड़िता नाबालिग लड़की है।



आरोपी की उम्र 65 साल है. वो आए दिन पीड़िता को अपनी हवस का शिकार बनाया करता था. उसे इस मामले में खुलासा करने पर जान से मारने की धमकी भी देता था. यहां तक कि पीड़िता के अन्य परिजनों की उपस्थिति में भी वो उसके साथ बलात्कार करता था. इस मामले में फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट ने आरोपी को कुल 83 साल की कारावास की सजा सुनाई है. पट्टांबी फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट (एफटीएससी) के न्यायाधीश रामू रमेश चंद्र भानु ने आरोपी शख्स को पॉक्सो एक्ट और आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत अलग-अलग अवधि के कारावास की सजा सुनाई है. विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) निशा विजयकुमार ने कहा कि इस केस में दोषी करार दिया गया शख्स कम से कम 40 साल तक जेल में सजा काटेगा. उसके अलग-अलग सजा दी गई है, जो कि सभी एक साथ उसे काटनी होंगी।

## कुरुक्षेत्र लोकसभा से चौ.अभय सिंह चौटाला होंगे इनैलो उम्मीदवार



कुरुक्षेत्र,16 मार्च 2024। लोकसभा चुनाव के लिए इनैलो ने कुरुक्षेत्र लोकसभा के प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। कुरुक्षेत्र की जाट धर्मशाला में इनैलो के राष्ट्रीय उप प्रधान प्रकाश भारती ने प्रैस वार्ता कर बताया कि कुरुक्षेत्र लोकसभा से इनैलो के राष्ट्रीय महासचिव चौ. अभय सिंह चौटाला चुनाव लड़ेंगे। प्रकाश भारती ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मध्यनजर चुनाव समिति बनाई गई थी, जिसमें उनको अध्यक्ष बनाया गया था। कमेटी में इनैलो राष्ट्रीय संगठन सचिव श्याम सिंह राणा, अनुशासन समिति के चेयरमैन शेर सिंह बड़शामी, जसबीर ढिल्लो सदस्य थे। कमेटी ने हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर जाकर लोगों की राय जानी व रायशुमारी की।

# 5 से 15 लाख में बिके बिहार टीचर भर्ती परीक्षा के पेपर



### झारखण्ड में होटलों में रटाये गए उत्तर

पटना,16 मार्च 2024। बीपीएससी टीचर एग्जाम में पेपर लीक कराने वाले रैकेट और सॉल्वर गैंग का खुलासा हो गया है। इसके लिए हजारीबाग में जाल बिछाई गई थी। बिहार पुलिस ने झारखंड पुलिस की मदद से 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पता चला है कि 5 से 15 लाख रुपये में बिहार शिक्षक भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्र बेचे गए थे।

### झारखण्ड के हजारीबाग में बैठकर हुई तैयारी

बिहार लोक सेवा आयोग की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा को लेकर बड़ी खबर आई है। बीपीएससी टीचर रिक्रूटमेंट एग्जाम में पेपर लीक और सॉल्वर गैंग का पर्दाफाश हुआ है। पता चला है कि बिहार शिक्षक भर्ती परीक्षा में धांधली के लिए जालसाजों ने झारखंड के हजारीबाग में बैठकर तैयारी की थी। ये रैकेट हजारीबाग से संचालित हो रहा था। इसका खुलासा बिहार की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू), बिहार पुलिस और झारखंड पुलिस के ज्वांयट ऑपरेशन में हुआ है। हजारीबाग से गैंग के पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### सरकारी अफसरों की मिलीभगत उजागर

सबसे चौंकाने वाली बात यह कि इस रैकेट के संचालन में बिहार सरकार के कई अफसरों की संलिप्तता के सबूत मिल रहे हैं। बिहार के एक वरिष्ठ अधिकारी के नेमप्लेट की एक गाड़ी भी हजारीबाग में जब्त की गई है। होटल से पुलिस हेल्थ विभाग के डिप्टी सेक्रेटरी का बोर्ड लगा स्कॉर्पियो भीजब्त की है।

### होटल में रखकर रटवाए थे उत्तर


पुलिस की जांच में पता चला है कि गैंग ने बीपीएससी शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों से 5 लाख रुपये से लेकर 15 लाख रुपये तक लिए थे और उन्हें परीक्षा का पेपर उपलब्ध कराया था। उनके उत्तर भी सॉल्व कराए गए थे। ऐसे करीब 400 से भी ज्यादा अभ्यर्थियों को हजारीबाग में अलग-अलग बैंक्वेट हॉल और होटल में रखकर प्रश्नों के उत्तर रटवाए गए थे।

### रात भर हजारीबाग में केएच तलाशती रही पुलिस

हजारीबाग के केएच (कोहिनूर बैंक्वेट) में सॉल्वर गैंग इस तरह की घटना को अंजाम दे रहा है इसकी सूचना बिहार पुलिस को गुरुवार रात को मिली। सूचना मिलते ही बिहार पुलिस और आईपीएस की टीम हरकत में आ गई। ईओयू रैंक के अधिकारी के नेतृत्व में एक स्पेशल टीम बनाई गई। इसके बाद पुलिस पूरी रात तक केएच को तलाशते रही। सुबह साढ़े 6 बजे पुलिस की टीम इसे डिकोड कर पाई और शहर के बैंक्वेट हॉल कोहिनूर में रेड की।

# क्या सैनी से भाजपा के हित सधेगें ?

नायब सिंह सैनी को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाने को भाजपा का नायाब दांव माना जा रहा है। माना जा रहा है कि एक दांव से भाजपा ने कई लक्ष्य साध लिए हैं। अब भाजपा सरकार के खिलाफ एंटी इन्कम्बैंसी खत्म हो जाएगी। किसानों की नाराजगी दूर हो जाएगी। पिछड़ी जातियों का पूरी तरह से ध्रुवीकरण भाजपा के पक्ष में हो जाएगा और दूसरी ओर त्रिकोणात्मक लड़ाई में दुष्यंत चौटाला जाट वोटों का बंटवारा करके कांग्रेस को नुकसान पहुंचा देंगे। लेकिन क्या सचमुच ऐसा हो जाएगा? क्या राजनीति सचमुच इस तरह एकरेखीय और इतनी ही सरल होती है कि चुनाव से पहले एक चेहरा बदल देने से पूरी राजनीति बदल जाएगी? कुछ राज्यों जैसे गुजरात और उत्तराखंड में ऐसा जरूर हुई है लेकिन उन राज्यों की राजनीति और सामाजिक संरचना दोनों भिन्न थे। हरियाणा की राजनीति उनसे अलग है। उसी तरह जैसे कर्नाटक की राजनीति अलग थी और वहां चेहरा बदलने का दांव नहीं चला। हालांकि इसका यह मतलब नहीं है कि हरियाणा में यह नायाब दांव अनिवार्य रूप से विफल ही हो जाएगा।बहरहाल, मनोहर लाल खट्टर लगातार नौ साल से अधिक समय से मुख्यमंत्री थे तो क्या चुनाव से पहले उनको बदल देने से उनकी सरकार के खिलाफ अगर कोई एंटी इन्कम्बैंसी थी तो वह खत्म हो जाएगी? ध्यान रहे पिछले 10 साल में जितने राज्यों में भाजपा की सरकार बनी और जो भी मुख्यमंत्री बना उनमें से किसी का कार्यकाल इतना लंबा नहीं रहा, जितना खट्टर का था। सो, उनके खिलाफ बाकी राज्यों से ज्यादा एंटी इन्कम्बैंसी स्वाभाविक रूप से बनी होगी। दूसरे, उनके कार्यकाल में दोनों किसान आंदोलन हुए, जिनके केंद्र में हरियाणा रहा।पहले आंदोलन के समय किसानों को दिल्ली आने से रोकने के लिए खट्टर सरकार ने जो कार्रवाई की थी उसने किसानों को बुरी तरह से




नाराज किया था। दूसरे आंदोलन में भी पंजाब और हरियाणा के खनौरी और शंभू बॉर्डर पर जिस तरह से किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़े गए या नकली गोलियों से फायरिंग हुई उससे किसान नाराज हैं। उनकी नाराजगी निश्चित रूप से सिर्फ मनोहर लाल से नहीं होगी।भाजपा पिछले करीब 10 साल से हरियाणा में जाट बनाम गैर जाट की राजनीति करती रही है। उसने 10 साल पहले हरियाणा सहित कई राज्यों में शक्तिशाली और सत्ता की स्वाभाविक दावेदार मानी जाने वाली जातियों को छोड़ कर दूसरी जातियों को सत्ता सौंपी। महाराष्ट्र में गैर मराठा देवेंद्र फडनवीस, हरियाणा में गैर जाट मनोहर लाल खट्टर और झारखंड में गैर आदिवासी रघुबर दास मुख्यमंत्री बनाए गए थे। मोटे तौर पर यह राजनीति कामयाब रही है। हालांकि महाराष्ट्र और झारखंड में लगातार दूसरी बार सरकार नहीं बनी फिर भी भाजपा अपना वोट बढ़ाने और उसे बनाए रखने में कामयाब रही।इसी राजनीति के तहत पंजाबी समुदाय के मनोहर लाल को हटा कर पिछड़ी जाति के नायब सिंह सैनी सीएम बनाए गए हैं। गैर जाट चेहरा बता कर उनको नायाब दांव की तरह पेश किया जा रहा है। यह सही है कि राज्य में एक तिहाई से ज्यादा आबादी पिछड़ी जातियों की है लेकिन क्या सैनी के नाम से सब भाजपा से जुड़ जाएंगे? दूसरा सवाल यह है कि गैर पिछड़ी जातियों का क्या होगा? क्या वे भी सैनी को नेता मान कर भाजपा के इस प्रयोग को सफल बना देंगे?यह ध्यान रखने की जरुरत है कि सैनी अगर गैर जाट चेहरा हैं तो वे गैर ब्राह्मण भी हैं, गैर दलित भी हैं, गैर गुर्जर भी हैं तो फिर ये जातियां कैसे उनके साथ जुड़ेंगी? क्या गैर जाट की भावना इतनी प्रबल है कि उसके विरोध में सारी जातियों किसी को भी नेता स्वीकार कर लेंगी? अगर बहुत सरल तरीके से यह मानें कि जिस जाति या समुदाय का व्यक्ति मुख्यमंत्री होता है उसकी जाति उसके साथ ज्यादा मजबूती से गोलबंद होती है तो फिर इसी तर्क से यह मानना होगा कि दूसरी जातियां उससे दूरी बनाएंगी।इसलिए जाति का हिसाब कभी भी इतने सरल तरीके से काम नहीं करता है। उसके साथ कुछ और फैक्टर जोडने होते हैं। सैनी के प्रयोग के साथ भाजपा के पक्ष में यह बात जाती है कि पहले लोकसभा का चुनाव होना है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर होना है। इसलिए लोकसभा चुनाव में बिल्कुल निचले स्तर पर जातियों का विभाजन होने की संभावना कम है। लेकिन विधानसभा चुनाव में तस्वीर पूरी तरह से बदल भी सकती है।यह बात समझने की जरुरत है कि अगर सत्ता के शीर्ष पर बैठा नेता अपनी जाति के वोट आकर्षित करता है तो उसकी वजह से दूसरी जातियों के वोटों में विकर्षण भी होता है। भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड रहा है कि चुनाव से पहले जिसको मुख्यमंत्री बनाया जाता है चुनाव जीतने के बाद भी वही सीएम बनता है। गुजरात से उत्तराखंड तक यह बात दिखाई देती है।उत्तराखंड में तो मुख्यमंत्री रहते विधानसभा का चुनाव हारने वाले पुष्कर सिंह धामी को ही सीएम बनाया गया था। इस हिसाब से हरियाणा के मतदाताओं में यह मैसेज अपने आप जाएगा कि भाजपा जीतेगी तो फिर सैनी ही मुख्यमंत्री बनेंगे। यह मैसेज विधानसभा चुनाव में कई जातियों को भाजपा से दूर भी कर सकता है। ध्यान रहे जमीनी स्तर पर जातियों की गोलबंदी हमेशा एक जैसे अंदाज में काम नहीं करती है।यह मानना भी पूरी तरह से ठीक नहीं होगा कि दुष्यंत चौटाला को अब भाजपा ने अपने से दूर कर दिया तो वे अलग लड़ कर जाट वोटों का बंटवारा कर देंगे, जो अभी लगभग पूरी तरह से कांग्रेस के पक्ष में दिखाई दे रहा है। कांग्रेस ने प्रदेश की कमान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा को सौंपी है। वे 10 साल तक हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में जाट उनके साथ एकजुट हुए थे, जिससे कांग्रेस को 30 सीटें मिलीं। उस चुनाव में दुष्यंत चौटाला की नई बनी जननायक जनता पार्टी को 10 सीटें मिली थीं। चुनाव के बाद एक समय ऐसा लग रहा था कि कांग्रेस और चौटाला की पार्टी मिल कर सरकार बना सकते हैं।लेकिन भाजपा को केंद्र और राज्य की सत्ता में होने का लाभ मिला और उसने चौटाला के साथ मिल कर सरकार बना ली। चौटाला चार साल से ज्यादा समय तक कई महत्वपूर्ण मंत्रालय लेकर उप मुख्यमंत्री बने रहे। इसलिए अचानक अलग होकर वे भाजपा विरोधी राजनीति करते हैं तब भी भाजपा विरोधी नेता की उनकी साख नहीं बनेगी। सो, उनके जरिए जाट वोटों का बंटवारा हो ऐसा भाजपा की सदिच्छा हो सकती है लेकिन यह इच्छा पूरी होगी, ऐसा नहीं कहा जा सकता है।सो, कह सकते हैं कि भाजपा ने एक प्रयोग किया है और कुछ नहीं करने से तो अच्छा ही होता है कुछ करना। 10 साल तक डबल इंजन' की सरकार के बाद मनोहर लाल के चेहरे पर ही चुनाव लडना अच्छी रणनीति नहीं होती। फिर भी उनको हटा देने से भाजपा राज के खिलाफ अगर एंटी इन्कम्बैंसी है तो वह पूरी तरह से खत्म नहीं होगी। मतदाताओं की याद्दाश्त कमजोर होती है लेकिन इतनी भी कमजोर नहीं होती। दूसरे, चुनाव कोई बिजली के स्विचबोर्ड जैसी चीज नहीं है कि एक स्विच ऑन-ऑफ करने से मतदाताओं का दिमाग बदल जाएगा।तीसरे, जातियों का गणित एकरेखीय नहीं होता है, जातियों की गोलबंदी कई तरह से होती है। चौथे, लगातार दूसरी बार खट्टर की तरह निराकार चेहरे को मुख्यमंत्री बनाने से पार्टी के अंदर स्वाभाविक नाराजगी होगी। पांचवें, चुनाव से पहले बदलाव से मतदाताओं में मैसेज बनेगा कि खट्टर काम नहीं कर सके या विफल हुए। सो, सिर्फ नया दांव चलना पर्याप्त नहीं है। उसको कामयाब बनाने के लिए भाजपा को कुछ नए फैक्टर जोडने होंगे।

-अजीत द्विवेदी-

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## संपादकीय

### मुश्किल में एफएमसीजी क्षेत्र

हिंदुस्तान लीवर से लेकर आईटीसी, मेरिको, बजाज कंज्यूमर केयर और ज्योति लैब्स तक को अगले सितंबर तक बिक्री बढने की संभावना नजर नहीं आ रही है। इस वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के नतीजों ने इन कंपनियों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है।आम उपभोग के सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) लगभग सभी कंपनियां इस निष्कर्ष पर हैं कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की बदहाली के कारण फिलहाल उनके कारोबार की संभावनाएं मद्धम हैं। हिंदुस्तान लीवर से लेकर आईटीसी, मेरिको, बजाज कंज्यूमर केयर और ज्योति लैब्स तक को अगले सितंबर तक बिक्री बढने की संभावना नजर नहीं आ रही है। इस वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (सितंबर-दिसंबर) के नतीजों ने इन कंपनियों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। तेल, साबुन, सैंपू, टूथपेस्ट आदि जैसी रोजमर्रा की उपभोग वस्तुएं बनाने वाली इन कंपनियों का आधे से ज्यादा बाजार ग्रामीण इलाकों में है।इसलिए जब ग्रामीण अर्थव्यवस्था चमकती है, तो इन कंपनियों का कारोबार भी चमकता है। वैसे शहरों में भी औसत आबादी की आमदनी का स्तर वैसा नहीं है, जो ग्रामीण बिक्री में गिरावट की भरपाई कर सके। तो इन कंपनियों की मुसीबत में जिस बात पर बार-बार रोशनी पड़ती है, वह ग्रामीण उपभोग का स्तर है। एमएमसीजी कंपनियों का आकलन है कि महंगाई, फसल बिक्री संबंधी समस्याओं और असामान्य मौसम ने वास्तविक ग्रामीण आमदनी में सेंध लगा रखी है।हालात गंभीर बनाने में काफी हाथ सरकारी नीतियों का है। हम प्याज के बाजार के ताजा हाल पर गौर करें, तो इस परिस्थिति को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं। प्याज के दाम बढने के कारण सरकार ने 31 मार्च तक उसके निर्यात पर रोक लगा दी थी। इसके बावजूद बाजार में फिर से प्याज की कीमतें 33 प्रतिशत बढने की खबर आई है। इसे देखते हुए (अखबारी रिपोर्टों के मुताबिक) सरकार निर्यात पर रोक कम-से-कम तीन महीने और बढ़ाने जा रही है।इस तरह महंगाई के समय विश्व बाजार से ऊंची कीमत मिलने का जो फायदा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलता, उससे उसे वंचित कर दिया गया है। ऐसा अक्सर अलग-अलग फसलों के साथ होता रहता है। सरकार की चिंता शहरी उपभोक्ताओं को लेकर रहती है। उसकी कीमत कृषि अर्थव्यवस्था से जुड़े लोग चुकाते हैं। इन दोनों हितों में कैसे तालमेल बने, इस दिशा में उचित प्रयास सरकार की तरफ से नहीं किए गए हैं। नतीजतन, गांवों में मंदी है और उसका साया एफएमसीजी कारोबार पर भी पड़ रहा है।

## प्रेम विवाह संग रंग अपनों के प्यार का



केशव और सुहाना का बचपन का प्यार रंग लाया । अपनी पढ़ाई व अच्छी नौकरी करने के बाद उन्होंने अपने माता-पिता से बिना किसी झिझक के अपनी इस बात को शेयर किया, क्योंकि सुहाना दक्षिण भारतीय परिवार से थी और केशव गुजराती परिवार से था । इसलिए बिना माता-पिता की इजाज़त के वह इस शादी के बंधन में नहीं बंधना चाहते थे । दोनों ने अपने-अपने परिवार की हां का इंतजार किया।

समय परिवर्तन हो रहा है,लोगों की सोच में भी परिवर्तन हो रहा है । आज शादी से पहले लड़के और लड़कियों के माता-पिता पैसा,धर्म,जाति,ऊंच-नीच, अमीरी-गरीबी यह सब नहीं देखते,वेलड़के और लड़कियों के गुणों को देखते हैं । क्या हमारे बच्चे एक दूसरे के साथ जीवन बिताने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं या नहीं ? क्या वे जीवन में आने वाली किसी भी परिस्थिति का सामना कर सकते हैं या नहीं ?

बच्चों की खुशी में ही मां-बाप की खुशी होती है लेकिन उनका सही मार्गदर्शन और परिवार की मर्यादाओं को बनाए रखना भी बहुत जरूरी होता है । यदि बच्चों को बचपन से ही माता-पिता प्रतिदिन कुछ समय देकर उनकी बात सुनते हैं और उन्हें अपनी भी कुछ बातें बताते हैं तो,माता-पिता और बच्चों के बीच एक आपसी अंतर्मन का जुड़ाव जीवन अंत तक कायम रहता है । फिर बच्चा भी यदि प्रेम विवाह करना चाहता है तो इसका इज़्हार वह खुलकर माता-पिता से एक दोस्त की भांति करता है व उनसे भी उनके विचार सही गलत कि राय लेता है और उसके बाद ही विवाह के बंधन में बधंता है ।

प्रेम किया है तो निभाना चाहिए पर साथ ही साथ माता पिता की रजामंदी और आशीर्वाद भी सदैव साथ होना चाहिए। इसका प्रमुख कारण है की प्यार दो दिलों का बंधन है, किंतु विवाह कई परिवारों का गठबंधन होता है। दो आत्माएं जहां एक होती है लेकिन साथ ही जीवन में कई नए रिश्ते साथ में जुड़ जाते हैं । आज इस बात के साथ-साथ युवाओं की सोच और भी परिपक्व हो रही है,अब वह सोचते हैं हमें केवल अपने प्रेम को ही नहीं निभाना, बल्कि अपने को काबिल भी बनाना है,अपने परिवार के साथ भी चलना है और हर रिश्ते को स्वीकार भी करना है । आज केशव और सुहाना विवाह के पवित्र बंधन में बंध गए हैं और उनकी नई खुशहाल जिंदगी की शुरुआत हो गई है वह सभी अपने पूरे परिवार के साथ बहुत खुश व आनंद से है ।



मोनिका डागा आनंद ,
चेन्नई,
तमिलनाडु

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# महिला ब्लड कार्डिनेटरस जिन्होंने अपना खाली वक्त दिया सेवा में

बहुत ही मुश्किल होता है किसी गृहणी का या किसी कार्यस्थल पर कार्य कर रही दोहरी भूमिका निभाने वाली महिला का अपनी जिंदगी की रोज़ कि दिनचर्या से कुछ वक्त निकाल पाना । गृहणी हैं तो घर के तमाम सदस्यों के सुखों का ध्यान रखना ताकि किसी की कोई शिकायत ना रह जाए । अपनी औलाद की भी परवरिश कर उसे शिक्षा देना , पढ़ाना आदि न जाने कितने दायित्व होते गृहणी पर । वहीं दूसरी ओर जो घर को सुचारू रूप से चलाते हुए भी बाहर कार्यस्थल पर काम कर रही उनकी तो दोहरी जिंदगी के प्रति दायित्व होता है दोनों ओर सामंजस्य बनाना पड़ता है की कहीं कोई भी कमी न रह जाए । इतनी बखूबी हर तरह से जिंदगी यापन करने वाली महिलाओं में से कुछ भारतीय महिलाएं ऐसी भी हैं जो अपनी दिनचर्या में से बचे हुए कुछ घंण्टो को भी खुद पर न खर्च करके समाज के लिये खर्च कर देती । अर्थात समाज के हर एक इंसान को अपने ही परिवार का हिस्सा मानते हुए उनकी सेवा में उपयोग में लाती बचे वक्त को ।

मैं बात कर रही हूं ऐसी ही कुछ महिलाओं की जो कि ब्लड कार्डिनेटर का काम कर रही है। सोच एक ही यदि किसी इंसा मरीज के लिये यम से भी लड़ उसके प्राण बचाए जा सकें तो सदैव तत्पर रहती और हरा देती यम को ये एहसास दिला की हम हैं इस मरीज का परिवार । इन सभी महिलाओं को अपने संग विभिन्न वाट्स अप रक्तदान दाताओं और कार्डिनेटर के ग्रुप में देखा है मैंने तीन सालों (वर्ष 2021) से अरे किसी भी शहर में , किसी भी मरीज़ की बस खबर आ जाए कि हर एक महिला अपनी तरफ़ से प्रयास में जुट जाती । हर कोई अपनी पहचान के हर एक उस व्यक्ति से मदद् मांगती मरीज के लिये कि कहीं से भी बस रक्त मिल जाए मरीज को और उसके प्राणों पर आई मुसीबत टल जाए । यदि कोई महिला कार्डिनेटर किसी की मदद् कर देती तो उसे लगता की चलो सेवा सफल हुई बदले पर मरीज के परिवार वालों से मिली दुआओं का दौर जो उसकी झोली में अनगिनत हीरे-मोती जवाहरात की तरह कीमती होती और वो उन्हीं दुआओं को पाकर बहुत खुश होती ।

मैं ऐसी बहुत सी महिलाएं व पुरुष भी हैं जिन्हें जानती जो सदैव तत्पर रहते बस एक बाज़ की तरह आंखें अपनी जिम्मेदारी के प्रति भी तो दूसरी आंख किसी के मदद् के लिए बिछाए रहती सोच एक ही मानुष जन्म मिला है तो किसी की सेवा में काम आ सके । ना जाने कितने मजबूर जिनका कोई भी परिचित नहीं दूसरे शहरों के बड़े अस्पतालों में आते और यहाँ अनजान लोगों की भीड़ में से अपने परिचित के लिए मदद् मांगते की हमारे मरीज को रक्त देकर बचा लो । देखा ना जाता किसी भी मरीज़ के परिवार की



दर्द भरी करूणा मय आवाज़ सुन हृदय में वेदना उत्पन्न हो जाती एक ऐसे अनजान शख्स के लिये जिससे कोई भी नाता नहीं परंतु हॉं इंसानियत का नाता है और इसी नाते के चलते अपने मानुष धर्म के प्रति अपना कर्तव्य निभाने निकल पड़ती कुछ महिलाएं अपने खाली समय का सदुपयोग कर । वैसे भी महिलाओं का हृदय कहते विशाल , ममतामई , वात्सल्य से भरा होता इसलिए हर किसी के दर्द को अपना समझ लग जाती सेवा में । नमन हैं ऐसी महिलाओं को मेरा जो ब्लड कार्डिनेटर के रूप में अपना वर्चस्व गाड़ रही हैं साथ ही खुद भी समय-समय पर रक्तदान कर खुद का लोगों के बीच मिसाल बन रहीं हैं । समय-समय पर अन्य महिलाओं को भी रक्तदान करने के लिए जागरूक कर रही हैं । तो आईए मिलकर बनाएं एक ऐसी चैन , जिससे मिले किसी को नव जिंदगी , सॉंसें और उसके बदले लेकर दुआओं के हीरे जवाहरात मिले सभी के रूह को रैन संग चैन ।

ऐसी ही जानी-मानी हस्तियों में कुछ महिलाएं जिनका वर्चस्व व सेवा बोलती है उनके नामों का उल्लेख कर इस आलेख के में जैसे चार चांद लग जाएंगे वो नाम है महाराष्ट्र पालघर जिला निवासी की रहने वाली उषा मात्रे जी जो ब्लड कार्डिनेटर के रूप में किसी परिचय की मोहताज नहीं । महाराष्ट्र पूना की रहने वाली अनगिनत सेवा कार्य में जुटी हुई नीतू सिंह जी , जयपुर की रहने वाली रेनू श्रीवास्तव जी , नोएडा से पारुल चन्द्रा जी , प्रयागराज कि रहने वाली निशा मिश्रा जी , नागपुर महाराष्ट्र की वीना आडवाणी तन्वी जी , रानी दोरसेटवार ,

पुजा धनराजजी कुबडे , भोपाल निवासी अभिलाषा गर्ग जी , जबलपुर निवासी नीलू जैन जी , जिस उम्र में लड़कियां स्वयं कि अभिलाषाओं को लिये ऊंची उड़ान भरती हैं उस उम्र में टकरसन बलिया की रहने वाली भारत की बेटी सिद्धि सिंह ने अपनी अभिलाषा को मरीजों की सेवा कार्य ही बताया और लग गई ये जांबाज़ बेटी भी रक्तदान के क्षेत्र में मानवता सेवा के लिए । एसी ओर भी बहुत सी महिलाएं हैं जो निस्स्वार्थ भाव से खुद के लिये बचे अमूल्य समय को खुद पर न खर्च करके समाज को अपना परिवार मानते हुए उस समाज पर खर्च कर रही हैं । इनमें से बहुत सी महिलाएं ऐसी भी हैं जो अपनी सेवाएं अन्य क्षेत्रों में भी दे रही जैसे गरीब बच्चों कि शिक्षा , वृक्षारोपण, महिलाओं को रोजगार हेतु शिक्षा दे स्वावलंबी बनाना , साहित्य सेवा आदि । दिल से , रूस से सलाम है ऐसी महिलाओं को जो समाज के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी बता उस जिम्मेदारी बखूबी निभा रही हैं । ये वो महिलाओं हैं जो महिला सशक्तिकरण का जीता-जागता उदाहरण देती हुई मील का पत्थर साबित हो रही हैं ।



वीना आडवाणी तन्वी
नागपुर, महाराष्ट्र

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## मुसाफिर तू चल

शुरुआत किसी तो को
करना ही पड़ता है
सफर से ही
सफलता की राह निकलता है
परिश्रम से आगे बढ़,
मंजिल पास आयेगा
मुसाफिर तू चल,
कारवां पीछे जुड़ जायेगा
शुरुआत जो करे
मंजिल उसे मिल पाता है
ठहर जाये उसे
मंजिल कहाँ मिल पाता है
संकल्प ले बढ़े डगर ,
मंजिल तक जायेगा
मुसाफिर तू चल,
कारवां पीछे जुड़ जायेगा
आओ शुरुआत करें
जीवन की संघर्ष का
आने वाली मुश्किलों
के लिए नव हर्ष का
सफलता का मीठा फल
तभी मिल पायेगा
मुसाफिर तू चल,
कारवां पीछे जुड़ जायेगा
लक्ष्य लेकर जो भी कार्य
आरम्भ करता है
राह के रोडे भी उसकी मेहनत से
बदलता है
मेहनत से सफलता का
दीप जल जायेगा
मुसाफिर तू चल,
कारवां पीछे जुड़ जायेगा



प्रमेशदीप मानिकपुरी
आमाचानी धमतरी
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# सतनाम के पावन भूमि गिरौद पुरी म फहराागे सत के सादा झंडा

**छत्तीसगढ़ के पावन भुईयां के कोरा, जिहाँ एक ले बढ़ के एक बड़े-बड़े साधू-संत,महात्मा-महापुरुष मन जनम लिन हावय।अउ ए धरती म जनम लेके अपन जप-तप-साधना-अराधना अउ ज्ञान से इहाँ के जन-मानस ल सुंदर सत्य अहिंसा,मर्यादा,समानता के संदेश दे हावय।**

**संगे-संग ए बात ल भी बताय हावय कि-**

**धरती के सबो जोनी एके बरोबर हावय,कोनो छोटे,कोनो बड़े नईए। सबो के आत्मा म उही परमात्मा के वास होथे।**

**सबो जीव म...**

**दया,करुणा,ममता,प्रेम,मर्यादा होथे।सबके सम्मान करना,सबके आदर करना हम सबके धरम होना चाहिए।**

**अईसे संदेश देवईया संत शिरोमणि गुरुघासी दास जी कतका सुघर बात कहिस जे हर आज जन-मानस के लिए,विश्व-कल्याण के लिए अमोघ मंत्रा बनगे।**

**अउ ओ संदेश रिहिस हे-**

**सत्य हर आय मानव के आभूषण-इही संदेश ल दे के गुरुघासी दास जी हर ए छत्तीसगढ़ के पावन धरा म सुंदर सतनाम के अलख जगाईस।जेकर अलख के अंजोर हर सात रावटी अउ सत के जैतखाम म जगमग-जगमग जगमगावत हे।**

अईसे सतनाम के संदेश देवईया गुरुघासी दास जी के जनम ग्राम गिरौदपुरी जिला बलौदा बाजार,(पूर्व म रायपुर छ ग) के पावन धरती म सन 18 दिसम्बर 1756 के फागुन शुक्ल सप्तमी के पावन शुभ घड़ी लगन म जनम लिस।अईसे संत के जन्म लेहे म ओ धरती धन्य होगे।ओ धरती हर शान्ति,करुणा के आश्रम होगे।ओ धरती के कन-कन हर जीवंत होगे जागरित होगे।दसों दिशा-दिशा म सतनाम के ध्वनि गूंजे लागिस।अउ ए प्रकार से

मानव मन के कल्याण तो होबे करिस,ए पावन धरती हर भी धन्य होगे।ओ धरती हर भी धन्य होगे जिहाँ अईसे महान संत के अवतरण होईस।




ओ सुंदर पावन जगह म गिरौदपुरी के बस्ती म जन्म स्थान हे जिहाँ जैतखाम हावे ओ जगह म मेला के दौरान धजा चढ़ाए जाथे।उहें सफूरा मठ भी हावय।साथ म गाँव के बाहिर पहाड़ी म तपोभूमि हावय जेमा बड़का गद्दी मंदिर,धूनी मंदिर,समाधि मंदिर अउ जैत खाम हावय।इही ल प्रमुख धार्मिक पावन स्थल माने गय हे। इही जैतखाम म फागुन सप्तमी म धजा चढ़ाय जाथे।

दूरिहा पहाड़ी क्षेत्र म दर्शनीय स्थल-

ए जैतखाम के थोरकन दूरिहा पहाड़ी क्षेत्र म दर्शनीय स्थल हावय,चरण कुंड,अमृत कुंड,पंच कुंड,जेमा के पावन जल ल भक्तगण अपन संग ले जाथें।इहें ल गोमुख कुंड,मटिया डोली,शेर पंजा चिन्हा,नागर चलाय के जगह,विशेष हावय।

एकर से अउ छह किलोमीटर दूरिहा म छाता पहाड़ हावय।

इही स्थान ल गुरु घासिदास जी के ÷तपो स्थली माने जाथे।ए जगह हर अब्बड़ शान्ति अउ सुखानुभूति देने वाला आय।

कुतुब मीनार से भी ऊंचा जैत खाम-

अईसे पावन जगह म कुतुब मीनार से भी ऊंचा जैत खाम हे

जेकर ऊंचाई 77 मीटर अउ ओकर व्यास 60 मीटर रखे गय हावय।इही जगह म श्रद्धालू मन मुख्य सड़क के मुख्य द्वार से लोट मारत आथे अउ अपन श्रद्धा-विश्वास के नारियर ल बाबा ल अर्पित करथें।सुघर जगह-जगह भक्ति अउ श्रद्धा के पंथी गीत नृत्य,नृतक मन प्रस्तुत करथें।अउ पुरा वातावरण भक्तिमय हो जाथे।

ए पावन जगह हर चारो कोती ले हरा-भरा सुंदर जंगल-पहाड़ के रुखराई म ढंके हावय।जेहर मन ल बरबस मोह लेते।अईसे महामना संत के जन्म हर मानव के कल्याण के लिए ही होथे

जेमन अपन तपोबल से जीव ल तार देथे।

अईसे महान संत अपन उपदेश,संदेश के माध्यम से मानव-मानव एक समान अउ सत्य हर मानव के आभूषण के सुंदर मंत्रा दे हे। जेला सम्मक जन-मानस के अंतरात्मा म बसा दिस।

गुरुघासी दास जी के सात रावटी के परिक्रमा-

गुरुघासी दास जी हर सात रावटी÷ के परिक्रमा करिस।

जेला सात धार्मिक पड़ाव कहे जाथे जईसे पहिली म भंडारपुरी,दूसर म रतनपुर,तीसर म दुलहरा तालाब,तीसर म पानाबार,चौथा म भोरम देव कवर्धा, पांचवा म डोंगरगढ़, छठवां कांकेर, सातवां पड़ाव दंतेवाड़ा रिहिस।

गुरुघासी दास जी के संदेश-

अपन संदेश म गुरुघासी दास जी हर कहिस कि-

मानव के दुखी होय के कारण धर्म के सीमा ल लांघना बताईस।दुख के मुक्ति के लिए सबो जीव ल समान समझना,अर्थात सबो एके जोनी के होना बताईस।मानव के शरीर हर देवाला आय,जेमा के आत्मा हर ओकर देवता आय।सत्य हर ही आत्मा आय।सतनाम हर ओकर धर्म आय।समानता,स्वतंत्रता,अउ स्वाभिमान आत्मा के स्वभाव होथे।

गुरु घासीदास जी के उपदेश-

गुरु घासीदास जी हर अपन उपदेश म कहिस हे की-

सतनाम ल सबो मानो,मूर्ति पूजा मत करव,आडंबर के त्याग करव,मानव-मानव म अंतर मत करव,दोपहर के नागर अउ

गाय-भइंसा ल नांगर म मत जोतव,जीव मन के हिंसा मत करव,कर्म से साफ-सुथरा अर्थात चोरी,जुआ,व्याभिचार, आदि पाप से दूरिहा रहव।

अईसे महान संत शिरोमणि ल हम सत-सत नमन करथन जेहर जीव मात्र के कल्याण के लिए सुघर कारज करिस।ओकर मान-बढ़ाई-अस्मिता के लिए सुघर पुनीत कार्य करिस।जेकर महान संदेश अउ उपदेश हर आने वाला पीढ़ी ल सत के रद्दा म चले बर प्रेरित करही।



अशोक पटेल आशु
शिवरीनारायण
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर ............न्यायालय............ के अधीन होगा।

# बहुचर्चित शासकीय जमीन गबन मामले में शामिल शासकीय अधिकारियों सहित कर्मियों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

## तत्कालीन नजूल अधिकारी नीलम टोप्पो जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी कोंडागांव को मंत्रालय वापस बुलाया गया

» मामला सरगुजा के बहुचर्चित शासकीय भूमि गबन से जुड़ा हुआ,बंशु लोहार सहित आठ को बनाया गया है आरोपी...

- भूपेन्द्र सिंह -
अंबिकापुर 16 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

शहर के बहुचर्चित जमीन गबन में तत्कालीन नजूल अधिकारी नीलम टोप्पो, राजस्व निरीक्षक नारायण सिंह और नजूल रीडर अजय तिवारी की अग्रिम जमानत याचिका न्यायालय ने खारिज कर दी है। इन तीनों शासकीय सेवकों ने प्रक्रियाओं का पालन करते हुए जमीन से जुड़े प्रकरण के निराकरण का दावा करते हुए न्यायालय के समक्ष अधिवक्ता के माध्यम से अग्रिम जमानत याचिका प्रस्तुत की थी। अपराध की प्रकृति को देखते हुए न्यायालय ने अग्रिम जमानत याचिका को निरस्त कर दिया है। 15 मार्च को अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए पंचम अपर सत्र न्यायाधीश ने कहा कि मामला न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के द्वारा विचारणीय है, किंतु पंजीबद्ध अपराध की प्रकृति गंभीर एवं अजमानतीय है, जिसके लिये आजीवन कारावास तक के दण्ड का प्रावधान है। केस डायरी में संलग्न दस्तावेजों से यह परिलक्षित है कि आपराधिक षड़यंत्र कर शासकीय दस्तावेजों में कूटरचना कर अविधिक रूप से बहुमूल्य शासकीय भूमि का अवैध अंतरण एवं विक्रय किये जाने के संबंध में पर्याप्त साक्ष्य संग्रहण किया गया है। प्रारंभिक जांच में आवेदक/अभियुक्तगण को शासकीय सेवक के रूप में पदीय कर्तव्य के निर्वहन के विपरीत अवैधानिक रूप से उपरोक्त आपराधिक षड़यंत्र में संलिप्त रहने के संबंध में साक्ष्य संग्रहित है। प्रकरण में विवेचना प्रारंभिक स्तर पर है एवं साक्ष्य संग्रहण किया जाना शेष है। आवेदक/अभियुक्तगण से भी व्यक्तिगत रूप से साक्ष्य संग्रहण की आवश्यकता होना परिलक्षित है। ऐसे में आरोपित अपराध की गंभीर प्रकृति, संग्रहित साक्ष्य एवं प्रकरण की उपरोक्त परिस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए आवेदक/अभियुक्तगण नारायण सिंह, नीलम टोप्पो एवं अजय कुमार तिवारी की ओर से प्रस्तुत अग्रिम जमानत आवेदन अंतर्गत धारा 438 दप्रसं स्वीकार करने योग्य यह उपयुक्त मामला दर्शित नहीं होता है, अतः आवेदक/अभियुक्तगण द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त अग्रिम जमानत आवेदन अंतर्गत धारा-438 दप्रसं अस्वीकार कर निरस्त किया जाता है।




गौरतलब है कि तहसीलदार (नजूल) अंबिकापुर एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अंबिकापुर द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार नमनाकला, अंबिकापुर स्थित शासकीय नजूल भू-खण्ड क्रमांक 243/1 रकबा 1.710 हे. (4.22 एकड़) भूमि सरगुजा सेटलमेंट मे गोचर मद की भूमि है, जिसे अनियमित पट्टा और विधिक प्रावधानों के विपरीत अनावेदक बंसू द्वारा अपने नाम पर कराते हुये उक्त शासकीय नजूल भूमि में से कई व्यक्तियों को विक्रय कर दिया गया है। जिसमें अनावेदक सतीश शर्मा,सन्मोगर वारियर, अभिषेक नागदेव, शेखर अग्रवाल, सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल, अनुषा नागदेव, महेश कुमार केडिया और दिनेश कुमार शामिल हैं। इससे शासन को शासकीय भूमि की क्षति हुई है। प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर न्यायालय द्वारा प्रकरण को छग भू राजस्व संहिता की धारा 50 के तहत पुनरीक्षण में ग्राहय कर सुनवाई किया जा रहा है। इस प्रकरण की कलेक्टर कोर्ट में 14 मार्च को हुई सुनवाई के बाद अगली सुनवाई की तिथि 21 मार्च 2024 को बुलाई गई है।

### 4 एकड़ गोचर मद की भूमि को राजस्व के अधिकारियों-कर्मचारियों के द्वारा भूमाफियों से सांठगांठ कर बंसू के नाम दर्ज कराया,मामले में प्रशासन व पुलिस की कार्यवाही

उल्लेखनीय है कि राजमोहनी देवी भवन के पीछे स्थित लगभग सवा 4 एकड़ गोचर मद की भूमि को राजस्व के अधिकारियों-कर्मचारियों ने भूमाफियों से सांठगांठ कर बंसू आ.भटकुल के नाम दर्ज करा कौड़ियों के दाम पर बेचे जाने के मामले में प्रशासन के साथ-साथ पुलिस ने भी कार्यवाही शुरू कर कर दी है। प्रशासन की शिकायत पर गांधीनगर थाना में 12 मार्च 2024 को आरआई नारायण सिंह आ. रामविशाल सिंह 57 वर्ष निवासी गंगापुरखुर्द, अंबिकापुर, आरआई राहुल सिंह प्रतापपुर नाका, अंबिकापुर, तात्कालिन नजूल अधिकारी नीलम टोप्पो आ. स्व. करलूस टोप्पो 54 वर्ष (सीईओ जिला पंचायत कोंडागांव) व नजूल रीडर अजय तिवारी आ. कमलकांत तिवारी 51 वर्ष निवासी चोपड़ापारा अंबिकापुर के विरुद्ध अपराध दर्ज किया गया। गांधीनगर पुलिस ने मामले में अपराध क्रमांक 127/2024 अंतर्गत धारा 420, 467, 468, 471, 120 बी के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### नीलम टोप्पो वापस मंत्रालय, अविनाश भोई कोंडागांव के नए सीईओ

सामान्य प्रशासन विभाग ने आज एक आदेश निकालते हुए राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का तबादला आदेश जारी किया है। जिसमे अविनाश भोई को सीईओ जिला पंचायत कोण्डागांव, निर्भय कुमार साहू को अपर कलेक्टर कबीरधाम और नीलम टोप्पो को मंत्रालय नया रायपुर में आगामी आदेश तक पदस्थ किया है। सरगुजा जिले में बहुचर्चित जमीन घोटाले में कोंडागांव के सीईओ नीलम टोप्पो जो अंबिकापुर में तात्कालीन नजूल अधिकारी के पद पर पदस्थ थे का नाम आने के बाद आज उन्हें मंत्रालय वापस बुला लिया गया है। बता दें बेशकीमती शासकीय जमीन घोटाले में उनके द्वारा लगाया गया अग्रिम जमानत याचिका भी कोर्ट से खारिज हो गया है।

# मुख्यमंत्री साय ने दी बधाई, कहा...सरगुजा के लिए सौभाग्य का दिन, जल्द ही उड़ान सेवा होगी शुरू





- संवाददाता -
अंबिकापुर 16 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

सरगुजा स्थित मां महामाया एयरपोर्ट को डीजीसीए द्वारा उड़ान सेवा संचालन हेतु लाइसेंस मिलने से पूरे संभाग में खुशी की लहर है। इसी क्रम में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार प्रदर्शन हेतु प्रशासन द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दूरभाष के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरगुजा संभाग के लिए सौभाग्य का दिन है कि यहां एयरपोर्ट लाइसेंस प्राप्त हो चुका है, अब जल्द ही उड़ान योजना के अंतर्गत उड़ान सेवा का परिचालन भी शुरू होगा। आज हमें भी आपके बीच रहना था। जिस दिन पहली उड़ान होगी, उस दिन निश्चित रूप से हम उपस्थित रहेंगे। आज जिले में भव्य कार्यक्रम किया जा रहा है। इस उपलब्धि पर समस्त सरगुजा वासियों को बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट के नाम में दरिमा छूट गया था, जो संज्ञान में हैं। एयरपोर्ट के नाम में दरिमा शामिल करने के लिए संबंधित अधिकारियों को प्रस्ताव बनाकर भेजने निर्देशित किया गया है जिससे पूर्ण नाम मां महामाया एयरपोर्ट, दरिमा अंबिकापुर होगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज के साथ अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष मधु सिंह, महापौर नगर निगम अंबिकापुर डॉ अजय तिर्की, पूर्व संसदीय सचिव चिंतामणि महाराज, सरगुजा संभागायुक्त जीआर चुरेंद्र, कलेक्टर विलास भोस्कर, सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी - कर्मचारी, और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

सभी जनप्रतिनिधियों ने इस सौगात पर प्रधानमंत्री मोदी, नागरिक उड्डयन मंत्री सिंधिया एवं मुख्यमंत्री साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

कलेक्टर विलास भोस्कर ने इस दौरान माँ महामाया एयरपोर्ट के बनने के इतिहास की जानकारी दी। दरिमा हवाई पट्टी का निर्माण वर्ष 1950 में हुआ था. प्रारंभिक दौर में डब्ल्यूबीएम सतह से निर्मित की गई थी जिसकी लम्बाई 1200 मीटर थी। इस हवाई पट्टी पर वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का भी आगमन हो चुका है। यह हवाई पट्टी अम्बिकापुर शहर से 13 कि.मी. की दूरी पर दरिमा ग्राम में निर्मित है। इसका सम्पूर्ण क्षेत्रफल 365 एकड़ है एवं यह हवाई पट्टी समुद्र तल से 1924 फीट उचाई में स्थित है।

वर्ष 2012-13 में प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में शुरू हुई उडान योजना अन्तर्गत रिजनल कनेक्टीविटी सर्विस के अंतर्गत अम्बिकापुर हवाई पट्टी को हवाई अड्डे में उन्नयन किए जाने हेतु शामिल किया गया था। इसके तहत् हवाई पट्टी का उन्नयन वर्ष 2014 में किया गया जिसमें डामरीकरण की सतह को 15 मी. चौड़ाई से बढ़ाकर 30 मी. चौड़ा किया गया तथा टर्मिनल भवन का उन्नयन 20 यात्रियों के आवागमन हेतु कराया गया। जो कि छोटे विमान सेवा (20 सीटर) हेतु अनूकुल था। वर्ष 2021 में इस हवाई अड्डे का विकास 3सीवीएफआर के मानकों के अनुरूप किया गया।

# सीतापुर में कांग्रेस का गढ़ ध्वस्त करने कार्यकर्ताओं का बड़ा योगदान : चिंतामणी महाराज

- संवाददाता -
सीतापुर,16 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

भाजपा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर संस्कृतिक भवन सीतापुर में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्याम प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार करते हुए भाजपा लोकसभा प्रत्याशी चिंतामणी महराज ने कहा कि आप सब कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत के कारण आजादी के बाद पहली बार सीतापुर में कमल खिला है। और राम कुमार टोप्पो को यहाँ का विधायक बना कर कांग्रेस के गढ़ को ध्वस्त करने में आप सभी कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस बार भाजपा संगठन जनता की सेवा के लिए लोकसभा प्रत्याशी बनाकर मुझ पर विश्वास जताया है, पीएम मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बंनाने में आप सभी का सहयोग चाहिए, हम सभी को मोदी की गारंटी के साथ जनता के बीच में जाकर वोट मांगना है।




अपने संबोधन में भाजपा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि कांग्रेस के कथनी और करनी में बुनियादी अंतर होने के कारण जनता ने उन्हें एक सिरे से नकार दिया है, हमें जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना है, तथा मोदी जी को पुनः केंद्र में भाजपा सरकार बनाने में हमारा सम्पूर्ण योगदान रहेगा, सरगुजा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी को भारी बहुमत से जीत दिलाने के लिए हम समस्त कार्यकर्ता कृत संकल्पित हैं।

इस अवसर पर सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, प्रदेश प्रवक्ताअनुराग सिंहदेव, अखलेश सोनी, उपेन्द्र यादव, राजा राम भगत ने भी सम्बोधित करते हुए लोक सभा चुनाव में विधानसभा चुनाव से बेहतर नतीजा देने की बात कही गई।

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री देवनाथ सिंह, रोशन गुप्ता, जमुना पाण्डे संतोष द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष श्रवण दास, रजनीश पांडेय, रज्जू राम, बालनाथ यादव, अनिल अग्रवाल, प्रभात खलखो, गोपाल राम, अशोक गुप्ता, जमुना यादव, विमला भगत, नीरु मिस्त्री , सरोज गुप्ता, संगीता कंसारी, राजकुमार गुप्ता, सुनील गुप्ता, विन्देश्वरी लाल पैंकरा,अनेश्वर गुप्ता, राजकुमार अग्रवाल, अनिल सिंह, रूपेश गुप्ता, भोला मिंज, नेमलाल गुप्ता, स्नेहलता गुप्ता, रामसुन्दर प्रजापति, इलू गुप्ता सहित काफी संख्या में मैनपाट,बतौली सीतापुर और नावानगर के भाजपा कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# महिलाओं एवं किशोरियों को कानूनी प्रावधानों की दी गई जानकारी



- संवाददाता -
अंबिकापुर 16 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं जागरूकता हेतु जारी विश्वास अभियान के तहत् ग्राम खैरबार स्थित पंचायत भवन में महिला बाल विकास विभाग के तात्वाधान में चलाए जा रहे पोषण पखवाड़ा के दौरान महिलाओं एवं किशोरियों को महिलाओं के विरूद्व घटित अपराधों से संबंधित कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया गया, महिलाओं व किशोरियों से रूबरू होकर समस्याऐं सुनी गई एवं समस्याओं का समाधान बताया गया, भविष्य में यदि किसी प्रकार की समस्याऐं उत्पन्न होने की स्थिति में पुलिस कण्ट्रोल रूम, गुंज टीम, महिला सेल को अवगत कराने के लिए अपील की गई, तथा पृथक से मोबाइल नम्बर भी साझा किया गया। उन्हें जागरूक करने हेतु महिला संबंधी अपराधों तथा बचाव संबंधी आवश्यक जानकारियों से अवगत कराया गया। कार्यशाला में उपस्थित महिला बाल विकास विभाग के पदाधिकारी, महिला कार्यकर्ता, ग्रामीण महिलाएं-बालिकाओं को छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा जारी महिला सुरक्षा संबंधी अभिव्यक्ति एप्प डाउनलोड कराकर उपयोग संबंधी जरूरी जानकारियां दी गई। कार्यशाला के दौरान महिला बाल विकास विभाग के सुपरवाइजर्स एवं अन्य महिला कार्यकर्तागण, करीब 50-60 ग्रामीण महिलाएं-बालिकाएं एवं सरगुजा पुलिस महिला सेल, गूंज टीम मौजूद रहे।

# सेंट्रिंग का काम करने के दौरान गिरने से मजदूर की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर 16 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

उदयपुर थाना क्षेत्र में सेंट्रिंग का काम करने के दौरान 15 मार्च को एक ग्रामीण गिर गया था। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार विनोद बारी उम्र 55 वर्ष उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पकरीपानी का रहने वाला था। वह 15 मार्च को मजदूरी करने ग्राम रामानंदगांव गया था। यहां सेंट्रिंग का काम करने के दौरान वह गिर गया था। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। उसे इलाज के लिए उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



# यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले 85 वाहन चालकों से वसूले गए 43000 रुपए समन शुल्क

- संवाददाता -
अंबिकापुर 16 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस द्वारा सडक़ सुरक्षा अभियान के तहत यातायात के नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रतिदिन कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार की शाम को यातायात पुलिस टीम द्वारा मोबाइल पर बात कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों, दो पहिया वाहन में तीन सवारी के खिलाफ कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस द्वारा अभियान के तहत दो पहिया वाहन में तीन सवारी वाहन चालकों के विरुद्ध कुल 25 प्रकरण दर्ज कर 12500 रुपए समन शुल्क वसूल किया गया। वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करने वाले कुल 44 वाहन चालकों पर कार्रवाई कर कुल 13200 रुपए समन शुल्क वसूल किया गया तथा अन्य विभिन्न धाराओं के तहत् कार्यवाही करते हुए कुल 16 प्रकरण दर्ज कर कुल 17300 रुपए रूपये समन शुल्क वसूल किया गया है। यातायात सुरक्षा अभियान के तहत् यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले कुल 85 वाहन चालकों पर 43000 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई है। सरगुजा पुलिस द्वारा सडक़ सुरक्षा अभियान के तहत प्रतिदिन कार्रवाई की जायगी, सरगुजा पुलिस आमनागरिकों से अपील करती है, कि यातायात के नियमों का पालन करें एवं स्वयं सुरक्षित रहें तथा अन्य राहगीरों को भी सुरक्षित रखे।

# कुलसचिव विनोद एक्का हटाए गए, दो दिन पूर्व की गई थी भ्रष्टाचार की शिकायत

- संवाददाता -
अंबिकापुर 16 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के चार कुलसचिवों ट्रांसफर किया है। जिसमें संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के कुल सचिव विनोद एक्का का भी नाम शामिल है। इन्हें आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय रायपुर संलग्न कर दिया गया है। वहीं सहायक प्राध्यापक सामाज शास्त्र शासकीय नवीन महाविद्यालय जनकपुर मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी डॉ. शारदा प्रसाद त्रिपाठी को प्रभारी कुलसचिव प्रतिनियुक्ति पर संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय का प्रभार दिया गया है। ट्रांसफर से दो दिन पूर्व ही भाजपा नेता आलोक दुबे ने कुल सचिव विनोद एक्का व्याप्त भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से लिखित शिकायत की थी। आलोक दुबे ने पत्र में उल्लेख किया है कि संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय में वर्तमान समय में भ्रष्टाचार का केंद्र बन गया है। भ्रष्टाचार में लिप्त इस विश्वविदयालय के कर्मचारी तथा अधिकारी विश्वविद्यालय से बाहर के लोगों से सांठ-गांठ करके शासनादेशों, अध्यादेशी तथा नियमों का सीधे-सीधे उल्लंघन कर रहे हैं। जिससे विश्वविद्यालय का विकास बाधित हो गया है और छात्रों शिक्षकों आम नागरिको जन प्रतिनिधियों में व्यापक असंतोष और निराशा व्याप्त हो गया है। इस विश्वविद्यालय के कुलसचिव बिनोद कुमार एक्का ने अपने आर्थिक लाभ के लिए विश्वविद्यालय के सभी विभागों में अपने पसंद के कर्मचारियों को पदस्थ कर विश्वविद्यालय से बाहर के लोगों से साठ-गांठ करके अपना भष्टाचार का पूरा नेटवर्क स्थापित कर रखा है। कुल सचिव बिनोद कुमार एक्का तथा विश्वविद्यालय कार्यपरिषद सदस्य इंजीनियर रामनिवास गुप्ता ने मिलकर नियम विरुद्ध तरीके से कार्यपरिषद को धोखे में रखकर विश्वविद्यालय के परिनियम व अध्यादेश का उल्लंघन करते हुए कई भ्रष्टाचार किए हैं तथा लाखों रुपये का घोटाला का आरोप है।

CMYK

## हाईकोर्ट ने अपने ही मंत्रालय को लगाई फटकार, भारतीय नागरिक के निर्वासन से जुड़ा है मामला



इस्लामाबाद, 16 मार्च 2024। पाकिस्तान की एक अदालत ने एक भारतीय नागरिक के निर्वासन को लेकर गृह मंत्रालय को फटकार लगाई है। दरअसल अब्दुल मुगनी नाम के एक भारतीय नागरिक को ग्यारह साल पहले यानी 2013 में इस्पहानी रोड के पास से गिरफ्तार किया गया था। उस पर विदेशी अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था। उस दौरान सत्र अदालत ने अब्दुल मुगनी को 6 महीने की सजा सुनाई थी। इस बाद मुगनी ने सिंध उच्च न्यायालय में अपनी सजा के खिलाफ अपील दायर की थी।

### सात साल बीत जाने के बाद भी नहीं हुआ निर्वासन

ग्यारह साल का समय बीत जाने के बाद भी मुगनी को रिहा नहीं किया गया। ऐसे में सिंध उच्च न्यायालय ने गृह मंत्रालय को फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में संबंधित सचिव को यह बताने के लिए बुलाया जाएगा कि उनका विभाग ऐसे मामलों में कैसे काम कर रहा है। न्यायमूर्ति मोहम्मद करीम खान आगा की अध्यक्षता वाली सिंध उच्च न्यायालय (एसएचसी) की एकल पीठ ने आंतरिक मंत्रालय को मामले के तथ्यों से अच्छी तरह जानकारी रखने वाले किसी एक अधिकारी को नियुक्त करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने अगली सुनवाई में अपनी रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। पाकिस्तान के डॉन अखबार की रिपोर्ट में शनिवार को बताया गया है कि सुनवाई के दौरान अदालत ने पाया कि अपीलकर्ता एक भारतीय नागरिक था। प्रयासों की कमी के कारण गृह मंत्रालय उसकी राष्ट्रीयता की पुष्टि करने में सक्षम नहीं था।

लोकसभा निर्वाचन 2024

# कुल 07 चरणों में होंगे निर्वाचन...सरगुजा लोकसभा क्षेत्र में तीसरे चरण होगा मतदान

### 12 अप्रैल को होगा अधिसूचना का प्रकाशन,मतदान 07 मई तथा मतगणना 4 जून को होगी





- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 16 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शनिवार को दोपहर 03:00 बजे प्रेसवार्ता कर लोकसभा निर्वाचन 2024 की तारीखों का ऐलान किया है। इस दौरान जिला कलेक्टरेट के एनआईसी कक्ष से सरगुजा संभागायुक्त जीआर चुरेन्द्र, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी बनसिंह नेताम, नोडल सुनील नायक, सीईओ जिला पंचायत नूतन कंवर, सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु शनिवार से आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है। देश के कुल 07 चरणों में निर्वाचन होंगे। छत्तीसगढ़ राज्य के कुल 11 विधानसभा क्षेत्र हेतु तीन चरणों में निर्वाचन सम्पन्न होगा। प्रथम चरण में बस्तर लोकसभा में निर्वाचन होगा, द्वितीय चरण में राजनांदगांव, महासमुंद, कांकेर तथा तृतीय चरण में सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर- चाम्पा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग तथा रायपुर लोकसभा क्षेत्र में निर्वाचन सम्पन्न होंगे। सरगुजा लोकसभा हेतु 12 अप्रैल को अधिसूचना का प्रकाशन किया जायेगा। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल तक निर्धारित की गई है। इसी तरह नाम निर्देशन पत्रों की स्कूटनी की तिथि 20 अप्रैल तथा अभ्यर्थियों की नाम वापसी की अंतिम तिथि 22 अप्रैल तथा मतदान की तिथि 07 मई को निर्धारित की गई है। इसी तरह मतगणना की तिथि 04 जून को निर्धारित की गई है।

# शस्त्र लायसेंस धारियों को आग्नेय अस्त्र-शस्त्र समीपस्थ पुलिस थाने में जमा करने हेतु आदेश जारी

### जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी गठित

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 16 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

जिला दण्डाधिकारी एवं अनुज्ञापन प्राधिकारी विलास भोस्कर ने आदेश जारी कर लोकसभा निर्वाचन 2024 के निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण निर्वाचन सुनिश्चित करने हेतु तथा लोक शांति की सुरक्षा साथ ही आम व्यक्ति की सुरक्षा हेतु सीमित अवधि के लिये सरगुजा जिला सीमा क्षेत्र में आग्नेय अस्त्र लाइसेंसों को जमा करने कहा है, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान भय एवं आतंक का वातावरण निर्मित न हो सके तथा इन अस्त्रों का दुरूपयोग होने से रोका जा सके। आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17 उपधारा 3 के उप क्लाज( बी), धारा 21 के तहत सरगुजा जिला सीमा क्षेत्र के भीतर रहने वाले सभी शस्त्र लायसेंसियों को आदेशित किया गया है कि वे अपने-अपने आग्नेय अस्त्र-शस्त्र नजदीकी पुलिस स्टेशन में सात दिवस के अंदर जमा करना सुनिश्चित करें।



इसके अतिरिक्त लायसेंसी अपने शस्त्र सरगुजा जिले के शस्त्र डीलर, जिनके पास शस्त्र डिपोजिट करने की अनुज्ञप्ति है, वहां भी जमा कर सकते हैं, जो व्यक्ति शस्त्र डीलर के पास शस्त्र जमा करते हैं, उसकी सूचना भी संबंधित थाने में प्रदान करेंगे। संबंधित शस्त्र डीलर थानेवार जानकारी तैयार कर संबंधित थाने एवं जिला दण्डाधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे। यह आदेश जिले में निवासरत सभी लायसेंसी तथा बाहर के जिले से आये लायसेंसी पर भी लागू होगा। सभी लायसेंसी आदर्श आचार संहिता समाप्त होने के उपरांत अपने शस्त्र वापस प्राप्त कर सकेंगे।

ऐसे अनुज्ञप्तिधारी व्यक्ति जिनके पास सुरक्षा के लिहाज से शस्त्र होना अति आवश्यक है, अनुज्ञप्तिधारी के आवेदन पर जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा विचार उपरांत इस आदेश से मुक्त रखने हेतु अथवा नहीं रखने के संबंध में निर्णय लिया जा सकेगा। जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी को दिये जाने वाले आवेदन कलेक्ट्रेट, सरगुजा के लायसेंस शाखा में दिया जा सकेगा। सभी अनुज्ञप्तिधारी, जिन्हे इस आदेश से मुक्त रखा गया है को भी अपने अस्त्र-शस्त्र की सूचना संबंधित थाने में आवश्यक रूप से तत्काल देनी होगी, ताकि अपने शस्त्र बिना थाना प्रभारी की अनुमति के अपने परिसर की सीमा क्षेत्र से बाहर नहीं ले जा सकेंगे एवं संबंधित थानेदार इनकी सूची पंजी में संधारित कर इसकी सूचना जिला कार्यालय के निर्वाचन शाखा में देंगे। आदेश जारी होने के दिनांक से निर्वाचन प्रक्रिया के समाप्ति तक के लिए सरगुजा जिला सीमाक्षेत्र के भीतर रहने वाले शस्त्र लायसेंसियों के शस्त्र लायसेंस निलंबित किये गये हैं। संबंधित थाना प्रभारी एवं संबंधित शस्त्र डीलर यह सुनिश्चित करेंगे कि इस तरह जमा किये जाने वाले शस्त्र का उचित रूप से पंजी बनाकर उसमें जमा किये जाने वाले शस्त्रों का इंद्राज करेंगे और शस्त्र जमा करने वालों को इस संबंध में पावती देंगे। जमा कराये गये शस्त्रों को समुचित रूप से अपने अभिरक्षा में सुरक्षित रखेंगे एवं निर्वाचन प्रक्रिया के समाप्ति के पश्चात एक सप्ताह के अंदर संबंधित अनुज्ञप्तिधारियों को शस्त्र लौटाना सुनिश्चित करेंगे।

### जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी गठित

लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान शस्त्र अनुज्ञप्ति धारियों के शस्त्रों को जमा करने से छूट प्रदान करने के संबंध में निर्णय लिए जाने हेतु जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी गठित की गई है जिसमें कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सरगुजा, पुलिस अधीक्षक सरगुजा एवं प्रभारी अधिकारी लाइसेंस शाखा जिला कार्यालय शामिल रहेंगे।

लोकसभा निर्वाचन 2024

# जिले में धारा 144 लागू, सभा,रैली एवं जुलूस हेतु अनुमति आवश्यक




### लोक शांति एवं सुरक्षा हेतु दिशा-निर्देश जारी

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,16 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम अनुसार लोकसभा क्षेत्र सरगुजा जिला सरगुजा क्षेत्रांतर्गत लोकसभा चुनाव हेतु अधिसूचना जारी होने के साथ, निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन की कार्यवाही शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जाना है, ताकि मतदाताओं के द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग बिना किसी डर दबाव के निर्भयतापूर्वक किया जा सके।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विलास भोस्कर ने बताया है कि निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को बिना किसी डर, भय तथा दबाव के निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर प्रदान करने तथा चुनाव आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने के लिए चुनाव के अवसर पर कानून व्यवस्था की स्थिति को पूरी तरह नियंत्रण करने हेतु तथा लोक शांति एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखकर पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर स्थिति की गंभीरता को देखते हुए इस आदेश से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों को सूचना की तामीली एवं सुने जाने हेतु पर्याप्त समय न होने के कारण एकपक्षीय रूप से आदेश पारित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री भोस्कर के द्वारा कानून व्यवस्था के संबंध में सभी पहलुओं एवं तथ्यों पर विचारोपरांत धारा-144 दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किया गया है, जिसमें बताया गया है कि ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी एवं सुरक्षाकर्मियों को छोड़कर कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह द्वारा भले ही वे अनुज्ञप्तिधारी हो, किसी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ, अस्त्र-शस्त्र धारदार घातक हथियार आदि लेकर नहीं चलेगा। धार्मिक परम्परा अनुसार रखे जाने वाले कृपाण आदि पर यह कंडिका प्रभावशील नहीं होगी। विभिन्न सभाओं, रैली एवं जुलूस, आदि करने के पूर्व संबंधित लोकसभा क्षेत्र सरगुजा के रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, अनुविभागीय दण्डाधिकारी से अनुमति लिया जाना आवश्यक होगा। आवेदन पत्र में सभाओं, रैली, जुलूस आदि के स्थान, दिनांक एवं समय का उल्लेख करते हुए पूर्ण विवरण दिया जाना आवश्यक होगा। सभा, रैली, जुलूस आदि में लाउडस्पीकर, ध्वनि विस्तारक यंत्र आदि के उपयोग किये जाने के पूर्व संबंधित लोकसभा क्षेत्र सरगुजा के

रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, अनुविभागीय दण्डाधिकारी से अनुमति लिया जाना अनिवार्य होगा।

यह आदेश सभी प्रकार के दलों, संगठनों, संघों तथा आम जनता पर लागू होगा तथा जारी किये जाने की तिथि से लोकसभा निर्वाचन समाप्ति तक लोकसभा क्षेत्र सरगुजा जिला सरगुजा के क्षेत्रांतर्गत प्रभावशील रहेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 188, भारतीय दण्ड विधान (भा.द.वि.) के अंतर्गत अभियोजन की कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश 16 मार्च 2024 को जारी किया गया है।

लोकसभा निर्वाचन 2024

# आदर्श आचार संहिता लागू होते ही जिले में संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्यवाही शुरू

» 24 घण्टे के भीतर शासकीय स्थलों, 48 घण्टे के भीतर सार्वजनिक स्थलों एवं 72 घण्टे के भीतर निजी संपत्ति से हटाए जाएंगे राजनैतिक सम्बद्धता के सभी विज्ञापन तथा अन्य प्रचार सामग्रियां...

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 16 मार्च 2024
(घटती-घटना)।






लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु आज 16 मार्च 2024 को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा किये जाने से जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। आदर्श आचार संहिता लागू होते ही भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में प्रशासनिक अमला सम्पत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्यवाही में जुट गया है। इसके तहत शासकीय कार्यलयों एवं स्थलों, सार्वजनिक स्थानों सहित निजी सम्पत्तियों में लगाए गए राजनैतिक सबद्धता के सभी विज्ञापन, बैनर, पोस्टर, फ्लैक्सी, दीवार लेखन, राजनैतिक व्यक्तियों के फोटो आदि शीघ्रता से हटवाया जा रहा है। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थलों के पोस्टरों को हटाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है और समय पर सभी बैनर पोस्टरों को हटा लिये जाएंगे।

संपत्ति विरूपण की कार्यवाही के लिए नगरनिगम अंबिकापुर में पांच टीमें गठित की गई है। जनपद पंचायतों में हर पंचायत

### नगरीय निकाय स्तर पर बनी 5 टीमें, ग्रामीण क्षेत्रों में हर पंचायत स्तर पर टीम संपत्ति विरूपण की कार्यवाही

स्तर पर पटवारी के नेतृत्व पर पंचायत सचिव, रोजगार सहायक और कोटवार की टीम बनाई गई है।

बता दें भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शासकीय सम्पत्ति, शासकीय कार्यालय से राजनैतिक संबद्धता के सभी विज्ञापन, बैनर, पोस्टर, फ्लैक्सी, दीवार लेखन राजनैतिक व्यक्तियों के फोटो आदि 24 घण्टे के भीतर हटाया जाएगा। इसी प्रकार सार्वजनिक स्थल जैसे-रेल्वे स्टेशन, बस स्टॉप, सडक, पुल के किनारे सरकारी खर्च पर लगाए गए होर्डिंग, राजनैतिक विज्ञापन, राजनीति में सक्रिय व्यक्तियों के चित्र, संदेश वाले विज्ञापन, बिजली के खंभों एवं वृक्षों पर लगाए गए बैनर, पोस्टरों को 48 घंटे के भीतर हटाया जाना है, वहीं निजी घरों में किये गए दीवार लेखन, राजनैतिक विज्ञापन को 72 घंटे के भीतर हटाने की कार्यवाही की जाएगी।

# नियमित व्यवसायिक उड़ान के किये अनुज्ञप्ति मिलने पर युवक कांग्रेस ने आतिशबाजी कर खुशियां मनाई



- संवाददाता -
अम्बिकापुर,16 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

दरिमा हवाई अड्डा से नियमित व्यवसायिक उड़ान के किये अनुज्ञप्ति मिलने पर युवक कांग्रेस ने आतिशबाजी कर खुशियां मनाई। जिला अध्यक्ष विकल झा की अगुवाई में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन,घड़ी चौक महामाया चौक पर पटाखे जलाए।युंका अध्यक्ष विकल झा ने एयरपोर्ट की सौगात के लिए पूर्व की कांग्रेस सरकार और तत्कालीन उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सिंह देव के प्रयास से राज्य सरकार ने 47 करोड़ की तत्काल स्वीकृति दी थी।लोक निर्माण विभाग ने युद्ध स्तर पर कार्य पूर्ण कर के दिया । तब के उप मुख्यमंत्री लगातार हवाई सेवा शुरू करने के लिए लगे रहे।नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से सतत सम्पर्क में रहे उसी का परिणाम है कि आज दरिमा हवाई अड्डे को डीजीसीए से व्यवसायिक विमान परिचालन की अनुमति मिली है। जल्द ही डूईमान का परिचालन भी शुरू होगा।इस दौरानमां महामाया एयरपोर्ट अम्बिकापुर को लाइसेंस मिलने के अवसर पर सरगुजा युवा कांग्रेस के द्वारा राजीव भवन के सामने पटाखे फोड़कर बधाई दी गई! इस दौरान आकाश अग्रहरि, हिमांशु अग्रवाल,सतीश घोष,अभिषेक सोनी,अमरनाथ राजवाड़े,चंदन घोष,ज्ञान तिवारी,श्रेयांश पटेल,रजत पांडेय,शिवम सिंह,ऋतिक,किशनु,सूरज सुना,ओमकार भगत सहित अन्य उपस्थित रहे।

## अज्ञात पिकअप की टक्कर से घायल बाइक सवार युवक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,16 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

प्रतापपुर थाना क्षेत्र के शांतिपारा के पास 15 मार्च की रात को अज्ञात पिकअप ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। तीनों को इलाज के लिए प्रतापपुर अस्पताल से अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया था। यहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बब्लू नेताम पिता सुखदेव नेताम उम्र 27 वर्ष प्रतापपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चंदौली का रहने वाला था। वह 15 मार्च की शाम को अपने साथी नीतेश, सुरेश के साथ बाइक से गोटगांव जा रहा था। रास्ते में शांतिपारा के पास अज्ञात पिकअप ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। तीनों को इलाज के लिए प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां तीनों की स्थिति को गंभीर देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान देर रात को बब्लू को मौत हो गई।

# विधायक व नगर अध्यक्ष की उपस्थिति में 60 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का किया भूमि पूजन

- संवाददाता -
लखनपुर,16 मार्च 2024
(घटती-घटना)।



लखनपुर नगर पंचायत में 16 मार्च दिन शनिवार की सुबह 10:30 बजे अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल ने नगर अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू मुख्य नगर पालिका अधिकारी,भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू, सहित पार्षद गणों के उपस्थिति में स्थानीय पुजारी के साथ वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ विधि विधान से 60 लख रुपए के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया है। मिली जानकारी के मुताबिक लखनपुर नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 15 मुक्तिधाम परिसर में पुष्प वाटिका उद्यान 8.70 लाख , वार्ड क्रमांक 6 शिव मंदिर परिसर में पुष्प वाटिका उद्यान विकास कार्य 8.10 लाख, वार्ड क्रमांक 9 मुक्ति धाम में पुष्प वाटिका उद्यान विकास कार्य 2.90 लाख,क्रमांक 9 पखना तालाब के सामने शॉपिंग कंपलेक्स 41.95 लाख रुपए के राशि से निर्माण कार्य नगर पंचायत लखनपुर में होना है। शनिवार को विधायक राजेश अग्रवाल ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में भूमि पूजन किया है। विधायक राजेश अग्रवाल ने नगर अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू की सराहना करते हुए कहा की लगातार नगर अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू के द्वारा नगर पंचायत में विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर में पुष्प वाटिका का निर्माण होने से आकर्षण का केंद्र बना रहेगा। तथा शॉपिंग कंपलेक्स बनने से युवाओं को रोजगार का अवसर मिलेगा। हम सब के सहयोग से लखनपुर नगर हमेशा विकास की ओर अग्रसर रहेगा। तथा पटना तालाब के सामने बनने वाले शॉपिंग कंपलेक्स का विधायक राजेश अग्रवाल ने नामकरण किया शॉपिंग कंपलेक्स अब से शिव शॉपिंग कांप्लेक्स के नाम से जाना जाएगा। भूमि पूजन के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी विद्यासागर चौधरी, इंजीनियरपरदीप एक्का, पार्षद बृजकिशोर पांडे, नरेंद्र पांडेय, गोविंद अग्रवाल, तबरेज खान, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष महेश्वर राजवाड़े, विनेश राम खलखो, चंद्रशेखर चौधरी, रमेश ठाकुर, सहित नगर पंचायत के अन्य कर्मचारी गण मौजूद रहे।




# क्या विदेशी महिला के नाम पर दर्ज भूमि में कोई करना चाह रहा है कब्जा ?

### क्या कोरिया जिले के बैकुंठपुर विकासखंड के तरगवां ग्राम में विदेशी महिला की भूमि पर हो रहा भवन निर्माण ?

### विदेशी महिला ने नाम से ग्राम तरगवां में है 21.97 हेक्टेयर भूमि,विदेशी महिला भूमि पर कभी नहीं दिखीं काबिज कास्त

### विदेशी महिला का कोरिया राज परिवार से है नाता, राजपरिवार की हैं सदस्य

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर/सोनहत 16 मार्च 2024 (घटती-घटना)।
कोरिया जिले के बैकुंठपुर विकासखंड के ग्राम तरगवां में विदेशी महिला के नाम पर दर्ज 21.97 हेक्टेयर भूमि पर कब्जा दर्ज कराने की कोशिश जारी है ऐसी सूचना प्राप्त हो रही है। विदेशी महिला जो राज परिवार की ही सदस्य बताई जा रही हैं कोरिया राज परिवार की उनके नाम पर ग्राम तरगवां में खसरा क्रमांक 71 के अनुसार 21.97 हेक्टेयर भूमि दर्ज है जो उन्हे राजस्व विभाग के नियम अनुसार फौती दर्ज होने स्वरूप प्राप्त हुई है। अब इस मामले में सवाल यह है की एक विदेशी महिला ने नाम पर भारत में क्या राजस्व भूमि दर्ज ही सकती है। वैसे जिस विदेशी महिला ने नाम पर उक्त भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है वह कभी ग्राम में आई हों ऐसा बताने कोई भी तैयार नहीं है या जानकर कोई नहीं है की वह कभी ग्राम में आई हों।

ग्राम के लोगों के अनुसार उक्त भूमि पर समय समय पर कई अलग अलग लोग काबिज रहते चले आए और जो बाद में कब्जे से बेदखल हुए लेकिन इस बार जमीन पर भवन का निर्माण होने जा रहा है और इस बार पूरी तरह कब्जे की तैयारी है जैसा बताया जा रहा है। कब्जे के लिए ही यह भवन बनाया जा रहा है जो सूत्रों का कहना है वहीं बताया यह भी जा रहा है की भूमि पर जो भवन बनने जा रहा है पहले उसे बड़े नक्शे के आधार पर बनाया जाना था लेकिन अब भवन को जल्दबाजी में बनाया जा रहा है और जिसके लिए अब मिट्टी के गिलावे से ही निर्माण की तैयारी है। अब पूरे मामले में सवाल यह है की क्या किसी विदेशी मूल के नागरिक के नाम से भारत में राजस्व भूमि दर्ज होना राजस्व नियमों के अनुसार सही है।

#### भूमि पर समय समय पर अलग अलग लोगों का रहा है कब्जा

तरगवां की खसरा क्रमांक 71 की भूमि पर समय समय पर कई अलग अलग लोगों का कब्जा बना रहा है। विगत दो वर्षों से अब यह कब्जा नए व्यक्ति के पास है और उसी के द्वारा भूमि पर फसल उगाई जा रही है वह भी ग्राम के ही लोगों को अधिया देकर। ग्राम के लोग ही भूमि पर कृषि कार्य करते हैं। भूमि पूरी तरह कृषि भूमि है और भूमि पर रवि एवं खरीफ फसल दोनो फसल उगाई जाती है। इस वर्ष भूमि पर धान की अच्छी फसल भी हुई है। भूमि पर हर किस्म के धान की फसल बंपर मात्रा में पैदावार प्राप्त करती है।

#### कोरिया राज परिवार के हिस्से की है भूमि,फौती प्रक्रिया के तहत भूमि का स्वामित्व फिलहाल विदेशी महिला के पास

ग्राम तरगवां की खसरा क्रमांक 71 की 21.97 हेक्टेयर भूमि कोरिया राज परिवार के हिस्से की भूमि है,उक्त भूमि राजस्व नियमों के तहत फौती प्रक्रिया के पालन स्वरूप विदेशी महिला के नाम पर दर्ज है। विदेशी महिला जिसकी नागरिकता सूत्रों के हिसाब से विदेश की है उक्त भूमि की स्वामी हैं लेकिन वह कभी भूमि देखने या उसपर कब्जा दर्ज कराने आई हों ऐसा कोई बताने ग्राम में मौजूद नहीं है। ग्राम के लोगों के अनुसार भूमि पर कभी भूमि स्वामी को आते नहीं देखा गया न ही उनके द्वारा कभी भूमि पर कोई फसल ही उगाई गई।

#### विदेशी महिला के नाम भूमि दर्ज होने के कारण सहकारी समिति से मिलने वाला लाभ नहीं मिलता कब्जाधारी को

भूमि चूंकि विदेशी महिला ने नाम पर दर्ज है इसलिए भूमि का पंजीयन सहकारी समिति में भी नहीं है। भूमि का सहकारी समिति में पंजीयन न होना कब्जाधारी के लिए नुकसान का विषय है क्योंकी वह फसल का समर्थन मूल्य इसलिए प्राप्त नहीं कर सकता क्योंकि भूमि के असली स्वामी का मौजूद होना जरूरी है। फसल खुले बाजार में ही बेची जा सकती है। अब सहकारी समिति में पंजीयन न होना ही यह साबित करता है जो सूत्रों का कहना है की भूमि विदेशी महिला के नाम पर है इसलिए ऐसा करना गैर कानूनी होगा।

#### क्या विदेशी नागरिक भारत में भू स्वामी बन सकता है ?

वैसे कब्जा करने वाले की मंशा यह हो सकती है की वह कब्जे के आधार पर जो कई वर्षों पुराना कब्जा हो अपना स्वामित्व भूमि पर जता सके लेकिन जानकारों के अनुसार विगत दो वर्ष पूर्व तक ही भूमि पर ग्राम के ही एक निवासी का कब्जा था वही भूमि पर खेती करता था उसके पूर्व एक अन्य का कई वर्षों तक कब्जा था वहीं दो वर्षों से ही भूमि पर अब नए व्यक्ति के कब्जा किया है जो भवन भी बनाने में जुट चुका है। मामला राजस्व विभाग के लिए जांच का इसलिए भी है क्योंकि भूमि का रकबा काफी बड़ा है और भूमि केवल कब्जे के आधार पर ही लगातार कब्जाधारी बदल रहे हैं। अब नए कब्जेधारी ने कब्जा पुख्ता करने के लिए भवन निर्माण की तैयारी की है जो निर्माण शुरू हुआ है जो सूत्रों के अनुसार बताया जा रहा है।

## लोकसभा चुनाव 2024 कलेक्टर ने ली प्रेसवार्ता

### जिले में धारा 144 लागू, सभा, रैली एवं जुलूस हेतु अनुमति आवश्यक

### दिव्यांगजन और 85 वर्ष से अधिक उम्र वाले मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा




-संवाददाता-
कोरिया,16 मार्च 2024 (घटती-घटना)।
जिला निर्वाचन एवं दण्डाधिकारी विनय कुमार लंगेह ने आदेश जारी प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु 16 मार्च 2024 को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा किये जाने के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गया है। उन्होंने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बताया की छत्तीसगढ़ में 3 चरण में चुनाव संपादित किए जायेंगे जिसमे से तीसरे चरण 07 मई को कोरबा लोकसभा क्षेत्र मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। इसी कड़ी में अधिसूचना के प्रकाशन के लिए अंतिम तिथि 12 अप्रैल, नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल, नामांकन पत्रों की संविक्षा की अंतिम 20 अप्रैल, नाम वापसी की अंतिम तिथि 22 अप्रैल, मतगणना की तिथि 04 जून निर्धारित की गई है।

## युवाओं के बाद महिलाओं और किसानों के लिये पांच-पांच गारंटी देगी कांग्रेसः प्रदीप गुप्ता

-संवाददाता-
कोरिया, 16 मार्च 2024 (घटती-घटना)।
जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने राजीव भवन में प्रेस वार्ता कर कांग्रेस के मेनिफेस्टो के संबंध में बताया। उन्होंने बताया कि युवाओं के बाद कांग्रेस की महिलाओं और किसानों के लिये पांच-पांच गारंटी कांग्रेस देगी, जिसमें हर महिला को साल में 1 लाख रुपये, कांग्रेस की सरकार बनने पर युवा, महिला, किसान आत्म निर्भर होंगे। कांग्रेस ने युवाओं के बाद महिलाओं, किसानों की समृद्धि के लिये पांच-पांच गारंटिया दिया है। कांग्रेस पार्टी देश की महिलाओं से वादा करती है कि कांग्रेस की केन्द्र सरकार महिलाओं के लिये महालक्ष्मी योजना लागू करेगी।



#### किसान न्याय योजना

कांग्रेस महिलाओ के साथ किसानों के सुख समृद्धि के लिये 5 गारंटी देती है। कांग्रेस की सरकार बनने पर एमएसपी को कानूनी दर्जा दिया जाएगा। इसके लिए संसद में एक विशेष कानून पारित किया जाएगा। डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन आयोग के फार्मूले के अनुसार एमएसपी तय की जाएगी। किसानों के ऋण माफ करने और आवश्यक ऋण माफी की राशि निर्धारित करने के लिए एक स्थायी कृषि ऋण माफी आयोग की स्थापना की जाएगी। किसानों के फसलों के नुक्सान होने पर 30 दिनों के भीतर सीधे बैंक खाते में गारंटीड भुगतान सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को फिर से डिजाइन किया जाएगा। कांग्रेस कृषि उत्पादों के लिए एक आयात-निर्यात नीति बनाएगी और उसे लागू करेगी, जिसमें किसानों के हितों की रक्षा और चिंताएं सर्वोपरि होंगी। यह स्थिर और पूर्वानुमान पर आधारित होने के साथ-साथ किसानों के हितों पर आधारित होगा। किसान जीएसटी मुक्त होंगे। कृषि में इस्तेमाल होने वाले सामानों पर टैक्स से छूट के लिए जीएसटी व्यवस्था में संशोधन किया जाएगा।

#### महिलाओं के लिए महालक्ष्मी योजना

जिसमें हर महिला को साल में एक लाख रू. अर्थात महिने में 8333 रू. मिलेंगे। भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ में माताओं, बहनों को महिने में मात्र 1000 रू. साल में 12000 रू. देगी। कांग्रेस की सरकार इसका 8 गुना ज्यादा महिलाओं को देगी। कांग्रेस की सरकार केंद्रीय नौकरियों में आधी भर्तियां महिलाओं की करेगी। आशावर्कर, आंगनबाड़ी तथा मिड्डे मील कार्यकर्ताओ को केन्द्रीय सहायता कांग्रेस की सरकार बनने पर दुगुना किया जायेगा, महिलाओं के कानूनी अधिकारों की रक्षा के लिये प्रत्येक पंचायत में कानूनी सहायक की नियुक्ति की जायेगी। देश के सभी जिला मुख्यालयों में कामकाजी महिलाओं के लिये हास्टल बनाया जायेगा।

#### युवा न्याय योजना

राहुल गांधी ने 5 चरणों में युवा न्याय की घोषणा किया है। कांग्रेस घोषणा करती है कि कांग्रेस की सरकार बनने पर भर्ती भरोसा कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार में 30 लाख नौकरी की गारंटी देती है। हम एक कैलेंडर जारी करेंगे और उसके अनुसार समयबद्ध तरीके से भर्ती की प्रक्रिया पूरी करेंगे। पहली नौकरी पक्की प्रत्येक डिप्लोमा होल्डर या कॉलेज ग्रेजुएट को पब्लिक या प्राइवेट सेक्टर की कंपनी में एक साल के अप्रेंटिसशिप (प्रशिक्षण) देने के लिए एक नए प्रशिक्षुता अधिकार अधिनियम की गारंटी देती है। प्रशिक्षुओं को 1 लाख रुपए (8,500 रू. / माह) हर वर्ष मिलेंगे। पेपर लीक से मुक्ति कांग्रेस सार्वजनिक परीक्षाओं में किसी भी तरह की सांठगांठ या षड्यंत्र को रोकने के लिए और ईमानदारी एवं निष्पक्षता के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने के लिए नए कानूनों की गारंटी देती है। हम नए कानून लाकर पेपर लीक को पूरी तरह से रोकेंगे, जिससे मौजूदा समय में करोड़ों युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है। गिग इकॉनमी में सामाजिक सुरक्षा कांग्रेस गिग इकॉनमी में हर साल रोज़गार ढूंढने वाले लाखों युवाओं के लिए बेहतर वर्किंग कंडिशन (कामकाजी स्थिति) और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कानून लाने की गारंटी देती है। युवा रोशनी -पांच साल की अवधि के लिए देश के सभी जिलों में आवंटन की सुविधा के साथ कांग्रेस 5,000 करोड़ रुपए का एक कोष बनाएगी। 40 साल से कम उम्र के युवा किसी भी क्षेत्र में अपने बिजनेस के लिए स्टार्ट-अप फंडिंग का लाभ उठा सकते हैं।

## लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों का ऐलान होते ही लागू हुई आदर्श आचार संहिता

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली प्रेस कॉन्फ्रेंस,राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ ली बैठक



-संवाददाता-
सुरजपुर,16 मार्च 2024 (घटती-घटना)।
भारतीय निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों को का ऐलान कर दिया है। इसी के साथ देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास द्वारा पत्रकार बंधुओ के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस व सभी राजनीतिक दलों के प्रमुख पदाधिकारी व सदस्यों के साथ कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में बैठक आयोजित की गई थी। प्रेस कॉन्फ्रेंस व राजनीतिक दलों की क्रमवार बैठक में कलेक्टर द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के संबंध में उपस्थित जनों को निर्वाचन से संबंधित आवश्यक जानकारी से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 की अधिसूचना जारी होती ही चुनाव आयोग का मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट यानी आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इसके साथ ही जिले में भी आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। उन्होंने बताया कि जिले में संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत व निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार आवश्यक कार्रवाई के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए जा चुके हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि आदर्श आचरण संहिता का पालन सुनिश्चित करवाने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

उन्होंने बताया कि निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के अनुसार संसदीय क्षेत्र 01 सरगुजा हेतु तृतीय चरण में निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न होगी। उन्होंने उपस्थित जनों को निर्वाचन की गतिविधियों से अवगत कराया, जिसके तहत निर्वाचन की अधिसूचना का प्रकाशन 12 अप्रैल, नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा तिथि 20 अप्रैल, नाम वापसी की अंतिम तिथि 22 अप्रैल, मतदान की तिथि 04 जून और निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति 06 जून निर्धारित की गई है। उन्होंने मतदान केंद्र, 16 मार्च की स्थिति में कुल मतदाता जो कि 7,19,055 है के सम्बंध में भी जानकारी दी।

इसके साथ ही उन्होंने आदर्श आचार संहिता के दिशानिर्देशों के अंतर्गत राजनीतिक दलों को किन किन बातों का ध्यान रखना है, इस बात पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में राजनीतिक दलों के पदाधिकारी व सदस्य, अपर कलेक्टर नयनतारा सिंह तोमर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नरेंद्र पैकरा व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।




## शस्त्र जमा कराने अनुवीक्षण समिति गठित

-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़ 16 मार्च 2024 (घटती-घटना)।
माननीय उच्च न्यायालय मुम्बई (महाराष्ट्र) के रिट पिटीशन क्रमांक 835/2009 में पारित आदेश के परिपालन में लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु जिले के समस्त शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों से शस्त्र जमा कराने एवं शस्त्र के संबंध में प्राप्त आवेदन एवं शिकायत इत्यादि का निराकरण किये जाने हेतु जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में निम्नानुसार अनुवीक्षण समिति गठित की जाती है। जिसमें जिला कलेक्टर अध्यक्ष होंगे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदस्य, अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी सदस्य सचिव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सदस्य तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी सदस्य होंगे।

## भोजन पकाने वाले रसोइयों का एकदिवसीय प्रशिक्षण हुआ आयोजित

-संवाददाता-
खड़गवां,16 मार्च 2024 (घटती-घटना)।
प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत विद्यालयों में भोजन पकाने वाले रसोइयों का एकदिवसीय प्रशिक्षण विकासखंड खड़गवां के एकलव्य आवासीय विद्यालय पोंडीडीह खड़गवां के ऑडिटोरियम में दिनांक 16.03.2024 को आयोजित हुआ विकासखंड खड़गवां अंतर्गत सभी प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शालाओं में मध्यान भोजन पकाने का कार्य करने वाले रसोइयों के लिए आयोजित प्रशिक्षण की अध्यक्षता विकास खंड शिक्षा अधिकारी बलविंदर सिंह ने किया। रसोइयों के प्रशिक्षण सह कार्यशाला का शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, खंड स्त्रोत समन्वयक, ने मां सरस्वती के छायाचित्र का पूजन कर माल्यार्पण कर किया। प्रशिक्षण सह कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री सिंह ने अपने संबोधन में रसोइयों को विद्यालय में साफ सुथरा एवं पौष्टिक भोजन वितरण करने के संबंध में उपयोगी



बिंदुओं की जानकारी दी तथा मध्यान भोजन योजना अपने विकासखंड में सुचारू तथा नियमित संचालन करने के निर्देश दिए। संबोधन के क्रम में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री विजय पांडे ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए शालाओं में किसी भी परिस्थिति में मध्यान भोजन वितरण अवरुद्ध न हो पर विशेष जोर दिया। प्रशिक्षण में उपस्थित विकासखंड स्त्रोत समन्वयक श्री ओम शंकर सिंह पैकरा ने अपने संबोधन में समस्त रसोइयों का मातृत्व व्यवहार करते हुए विद्यालय के बच्चों को बेहतर भोजन व संरक्षण का माहौल उपलब्ध कराने के सुझाव दिए श्री पैकरा जी ने यह भी बताया कि विद्यालय में दिया जाने वाला भोजन पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण तथा रुचिकर भी हो इस बात का विशेष ध्यान रखें। आज के प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के रूप में श्री मुकुंद देव पांडे, श्री जय प्रताप,संतोष शर्मा शैक्षिक समन्वयक ने प्रतिभागियों को विद्यालय में मध्यान भोजन खाद्यान्न भंडारण एवं रखरखाव किचन शेड की साफ सफाई एवं व्यवस्था कैसी हो भोजन पकाने से लेकर वितरण के दौरान कौन-कौन सी सावधानियां बरती जावे इन पर चर्चा हुई साथ ही प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के महत्व एवं इसके संचालन के संबंध में जानकारी देते हुए यह भी चर्चा की गई कि यह शासन की महत्वपूर्ण योजना है इसका संबंध सीधे बच्चों से है यदि यह कार्यक्रम बाधित होता है तो इसका प्रतिकूल असर बच्चों के पठन पाठन गतिविधियों पर पड़ता है इसलिए पूर्ण सावधानी एवं सतर्कता के साथ इसका संचालन किया जावे आज के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को स्वल्पाहार की व्यवस्था थी स्वल्पाहार पश्चात पुन चर्चा के पश्चात प्रशिक्षण का समापन हुआ।



# 7 वर्षों से जमे सरगुजा के जिला खाद्य अधिकारी की

# घटती-घटना की खबर के बाद हुई जिला से छुट्टी

## राइस मिलर संघ प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अधिकारी को बता रहे थे पाक-साफ

### खबर के बाद राइस मिलर व राइस मिलर संघ उनके बचाव में लिखा था कलेक्टर को पत्र और प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आरोपों का कर रहे थे खण्डन


### एक ही जिले में 7 वर्षों से पदस्थ खाद्य अधिकारी पर एक राइस मिलर संचालक ने लगाया था गंभीर आरोप

### 30 रु प्रति क्विंटल के हिसाब से राशि नही देने पर राईस मिलरों के साथ नही करते एग्रिमेन्ट

### जिला खाद्य अधिकारी के लिए अन्य राइस मिलरों से वसूली करता था एक राइस मिलर


कार्यालय - कलेक्टर (खाद्य शाखा) - जिला- सरगुजा
छत्तीसगढ़ शासन
पदस्थ खाद्य अधिकारी

| क्र. | नाम | कब से | कब तक |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री एम.एल.पस्टारिया | 30 · 3 · 1998 | 18·8·2001 |
| 2. | " एम.आर.एस. पैकरा | 19 · 8 · 2001 | 21·11·2001 |
| 3. | " व्ही. लकड़ा | 22 · 11 · 2001 | 7· 6 ·2004 |
| 4. | " जे.एन. वर्मा | 12· 11 ·2005 | 31· 5 ·2006 |
| 5. | " आर.एस. ठाकुर | 11· 8 ·2006 | 10· 4 ·2007 |
| 6. | " एम.आर.एस. पैकरा | 29· 6 ·2007 | 31· 8 ·2012 |
| 7. | " जी.एस. राठौर | 14· 9 ·2012 | 19·10·2016 |
| 8. | " उमेश कुमार पटेल | 03·11·2016 | 17·01·2017 |
| 9. | " एस. बी. अग्रवाल | 17·01·2017 | 16·03·2017 |
| 10. | " श्रीमती सर्वेकिरण तिवारी अग्रवाल | 17·03·2017 | 19·05·2017 |
| 11. | " एस.बी. अग्रवाल | 27·05·2017 | 11·06·2017 |
| 12. | " गणेश राम कुर्रे | 12·06·2017 | 12·07·2017 |
| 13. | " आर.एन. पाण्डेय | 13·07·2017 | 22·08·2017 |
| 14. | " रविन्द सोनी | 23·08·2017 | 12·06·2019 |
| 15. | श्रीमती [illegible] | 14·06·2019 | 30·06·2019 |
| 16. | श्री जे. आर. भगत | 02·07·2019 | 23·08·2019 |
| 17. | " रविन्द सोनी | 24·09·2019 | |


GSTIN- 22AEXPA1865IZL
Kuber Rice Mill
Kuberpur, Post.-Darima, Ambikapur, Distt.- Surguja (C.G.)
Manufacturer of Best Quality Rice

प्रेस विज्ञप्ति


स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार राईस मिलर संचालकों से की जा रही है वसूली में लेख है कि श्री सतीश अग्रवाल कुबेर राईस मिल के संचालक द्वारा राशि वसूली की जा रही है तत्संबंध में वास्तविक तथ्य यह है कि किसी भी अधिकारी द्वारा मुझे वसूली हेतु निर्देशित नहीं किया गया है और ना ही मेरे द्वारा किसी भी प्रकार की वसूली की जा रही है। समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार पूर्णतः असत्य व भ्रामक है।

अतः श्रीमान से निवेदन है कि उपरोक्त खंडन मेरे पक्ष समर्थन में प्रकाशित करने की कृपा करें।

Proprietor
श्री सतीश अग्रवाल
संचालक कुबेर राईस मिल

प्रतिलिपि— 1. समस्त प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया को प्रकाशन करने हेतु।
2. कलेक्टर (खाद्य शाखा) जिला सरगुजा को सूचनार्थ।

1 1 MAR 2024
आवक/जावक


सरगुजा राईस मिलर्स एसोसियेशन
छत्तीसगढ़
प्रेस विज्ञप्ति
प्रतिलिपि—
1. समस्त प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया को सूचनार्थ व प्रकाशनार्थ।
2. कलेक्टर (खाद्य शाखा) जिला सरगुजा को सूचनार्थ।
राईस मिल एसोसिएशन
जिला—सरगुजा (छ0ग0)

-भूपेन्द्र सिंह-
अंबिकापुर, 16 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

पिछली सरकार में राइस मिलरों से मिलिंग के नाम पर खूब वसूली की गई थी वसूली करने के लिए भी हर जिले में अधिकारियों ने एक-एक अपने खास राइस मिलरों को इसकी जिम्मेदारी दे रखी थी, जिनके माध्यम से कमीशन की वसूली होती थी और सभी से वसूली की राशि इकट्ठा करके अधिकारी के पास पहुंचाया जाता था, उस समय प्रति किलो 1 रुपए कमीशन लिया जा रहा था, जिसमें तत्कालीन मंत्री का नाम भी सामने आ रहा था पर वही सरकार परिवर्तन होने के बाद ऐसा लगा कि राइस मिलरों को इस परेशानी से छुटकारा मिल जाएगी पर ऐसा होता नहीं दिख रहा आज भी नई सरकार में पुराने अधिकारी इस तरीके से रिश्वत की मांग कर रहे हैं जैसे पहले करते थे, जिस खबर को दैनिक घटती-घटना ने बड़ी प्रमुखता एक राइस मिलर की शिकायत पर प्रकाशित किया था जिसमें राइस मिलर ने 7 साल से जमे सरगुजा के जिला खाद्य अधिकारी पर बड़ा आरोप लगाया था इसके बाद जिला खाद्य अधिकारी को बचाने के लिए उनके चाहते राइस मिलों ने अपने-अपने लेटर पैड में पत्र व प्रेस विज्ञप्ति लिखकर आरोपों का खण्डन किया था और जिला खाद्य अधिकारी को बचाने का प्रयास किया था पर वही वर्तमान सरकार ने चुनाव से ठीक पहले सरगुजा में 7 साल से अपनी सेवा दे रहे व वसूली बाज जिला खाद्य अधिकारी को सरगुजा से स्थानांतरण कर राजनंदगांव भेज दिया, जिसके जाने से राइस मिलों में खुशी है पर वही वह राइस मिलर दुखी है जो उनके लिए वसूली करते थे और उनकी आड़ में वह खुद भी पैसा कमाया करते थे जिन्होंने खाद्य अधिकारी को बचाने के लिए पत्र लिखकर झूठा खंडन करके जिला खाद्य अधिकारी को काफी पाक साफ बता रहे थे, खबर के कुछ दिनों बाद ही सरगुजा को वसूली बाज जिला खाद्य अधिकारी से छुटकारा मिला।

ज्ञात होगी वही पिछली सरकार के कार्यकाल के दौरान राइस मिलरों के बकाया राशि निकालने के लिए भी अधिकारी खूब पैसा मांग रहे हैं जिसकी शिकायत अब सामने आई है। वहीं सरगुजा जिले के जिला खाद्य अधिकारी का सरगुजा से कुछ ऐसा मोह है


घटती-घटना
7 वर्षों से पदस्थ सरगुजा के खाद्य अधिकारी किसकी कृपा से कर रहे हैं राइस मिलर संचालकों से वसूली?

की दो बार इस जिले के खाद्य अधिकारी बनाए गए और तकरीबन इस जिले में 7 साल का कार्यकाल इन्होंने पूरा कर लिया, अब इस जिला खाद्य अधिकारी को किस नेता मंत्री का संरक्षण है कि सरकार किसी की भी रहे इनका कोई कुछ नहीं कर सकता इनका, वहीं अब एक बार और इनकी शिकायत हुई थी इसके बाद राज शासन के स्थानांतरण आदेश में उनका नाम आया और उन्हें सरगुजा से मुक्ति दे दी गई। शिकायतकर्ता की शिकायत के अनुसार सरगुजा जिले के खाद्य अधिकारी रविंद्र सोनी पर अंबिकापुर के एक राइस मिलर संचालक ने 30 रु प्रति क्विंटल के हिसाब से राशि नही देने पर धान नहीं लेने और एग्रीमेंट नहीं करने का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत सरगुजा कलेक्टर से की थी। राइस मिलर संचालक ने बताया था कि 2017 से लगातार 2024 आज वर्तमान तक रविंद्र सोनी जिला खाद्य अधिकारी के पद पर बने हुए है, 2019 में 6 महीने के लिए दो अधिकारी आए उसके बाद फिर से रविंद्र सोनी उक्त पद पर काबिज होकर मनमाने ढंग से राइस मिलरो से एक राइस मिल के संचालक से ही अवैध तरीके से राशि वसूली करा रहे है,जिसकी जांच कराए जाने की मांग की गई है। कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में राइस मिलकर संचालक ने आरोप लगाते हुए कहा कि अम्बिकापुर में 7 वर्षो से पदस्थ खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी सरगुजा जिले में स्थापित लगभग 55 से 60 राईस मिल हैं जिनसे यह उगाही करते है,वह उन्ही राईस मिलरों के साथ एग्रिमेन्ट करते है, जो इन्हें 30 रु प्रति क्विंटल के हिसाब से रिश्वत देता है, रिश्वत की राशि नही देने पर उन राईस मिलरों के साथ एग्रिमेन्ट ही नही करता है, चाहे वे कितना भी आनलाईन आवेदन भरते रहें।

#### अधिकारी इस राइस मिलर से कराते थे रिश्वत की राशि की उगाही

वर्तमान समय में खाद्य अधिकारी के लिए रिश्वत की राशि की उगाही दरीमा रोड के एक राईस मिल संचालक के माध्यम से कराने का आरोप है, जो रिश्वत की राशि नही दिया उसे काम ही नही देते है और न ही उसके साथ एग्रिमेन्ट करते है। शिकायतकर्ता ने बताया कि यह घटना उसके साथ स्वयं हो चुका है,उसका श्याम फुड प्रोडक्ट एवं श्याम एग्रो प्रोडक्ट के नाम पर राईस मिल है, वर्ष 2021-22 उसे काम दिए जाने का एग्रिमेन्ट किया गया था, जिसके पश्चात दो लाख चौदह हजार क्विंटल धान का काम आवेदक के द्वारा किया गया,ततपश्चात बिलिंग होने पर खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी के एजेंट के द्वारा कमिशन की राशि बतौर चौंसठ लाख बीस हजार रूपये की मांग की गई, तब आवेदक के द्वारा बड़ी मुश्किल से छः लाख रूपये दिया गया।आरोप है कि कम राशि दिए जाने से रविंद्र सोनी नाराज हो गए और आगामि वर्षों से काम देना बंद कर दिया, जबकि आवेदक के द्वारा वर्ष 2023-24 में कस्टम मिल के पंजीयन हेतु आवेदन अरवा चावल हेतु आनलाईन आवेदन कमांक 63426 दिनांक 21 अक्टूबर 2023 को एवं कस्टम मिल के पंजीयन हेतु आवेदन अरवा चावल हेतु आनलाईन आवेदन कमांक 63575 दिनांक 25 अक्टूबर 2023 को एवं उसना चावल हेतु कस्टम मिल के पंजीयन हेतु आवेदन आनलाईन आवेदन कमांक 67416 दिनांक को जमा किया गया है। परन्तु आवेदक का पंजीयन नही किया गया है। राइस मिल संचालक जयशंकर साहू ने खाद्य आधिकारी रविन्द्र सोनी के विरूद्ध निष्पक्ष जाँच करते हुए समुचित कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

#### कई कलेक्टर आए-गए पर खाद्य अधिकारी का नहीं हुआ ट्रांसफर

सरगुजा जिले में 2017 से आज तक कई 3 कलेक्टर आए और चले गए लेकिन पदस्थ खाद्य अधिकारी रविंद्र सोनी 2017 से इस जिले में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। 2019 में इनका स्थानांतरण हुआ लेकिन इस बीच सरगुजा जिले के खाद्य अधिकारी के पद पर दो अधिकारियों ने जॉइनिंग ली,लेकिन दोनों तीन-तीन महीने से ज्यादा टिक नहीं सके।अंततः रविंद्र सोनी पुनः 6 महीने बाद जिला खाद्य अधिकारी के पद पर पदस्थ हो गए और आज दिनांक तक बने हुए हैं।

#### पूर्व खाद्य मंत्री के काफी करीबी रहे हैं रविंद्र सोनी

मौजूदा जिला खाद्य अधिकारी रविंद्र सोनी पूर्व खाद्य मंत्री अमरजीत भगत के काफी करीबी रहे है।उन्ही के समय ट्रांसफर के बाद भी रविंद्र सोनी को पुनः 6 महीने बाद सरगुजा जिले का खाद्य अधिकारी बना दिया गया था, 2019 से लेकर 2024 तक कई शिकायतें इनके विरूध हो चुकी है लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। रविंद्र सोनी भाजपा के सत्ता में वापसी के बाद भी पद पर जमे हुए हैं और जिसके बाद समझा जा सकता है की सरकार किसी की हो उनकी मर्जी चलती रहने वाली है।

# नवनिर्मित पुल से क्षेत्र में खुलेंगे विकास के नए द्वार : उपमुख्यमंत्री श्री साव




-संवाददाता-
कोरबा, 16 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री, मंत्री लोक निर्माण,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी,विधि एवं विधायी कार्य व नगरीय प्रशासन विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव, विशिष्ट अतिथि सुश्री सरोज पांडेय राज्यसभा सांसद ने आज करतला विकासखंड के ग्राम मदवानी-कछार-तराईमार-कुदमुरा मार्ग में छिंदई नदी में लगभग 17 करोड़ 17 लाख की राशि से बने उच्च स्तरीय पुल का लोकार्पण किया। इस अवसर पर कलेक्टर अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर दिनेश नाग, स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में आमनागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री श्री साव सहित अन्य अतिथियों ने छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने क्षेत्रवासियों को लोकार्पण कार्य की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस पुल के बन जाने से विकास के नए द्वार खुल गए हैं। वर्षों से इस नदी में पुल की मांग थी जो अब पूरी हो गई है। इससे आसपास के अनेक गाँव जुड़ गए हैं। एक दूसरे से सम्पर्क भी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि यह पुल आवागमन का पुल होने के साथ ही विकास का भी पुल है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी देश को लगातार विकास की राह पर ले जा रहे हैं। उनकी अगुवाई में भारत हर क्षेत्र में शक्तिशाली एवं आर्थिक रूप से सुदृढ़ हुआ है। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटी शत प्रतिशत पूरी हो रही है। प्रदेश में सरकार के गठन होने के साथ ही विकास कार्य प्रारंभ हो गए है। मुख्यमंत्री द्वारा पहली कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राज्य में कमजोर परिवार के लोगो के लिए 18 लाख पक्के मकान निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी। 12 लाख से अधिक किसानों को 3716 करोड़ रुपये प्रदान किया गया। खरीफ वर्ष 2023-24 में किसानों से उनकी उपज का 3100 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य की दर से एवं 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी किया गया। इस वर्ष तेंदूपत्ता संग्राहको से 5500 रुपये प्रति मानक बोरा की दर से तेंदूपत्ता की खरीदी की जाएगी। साथ ही उन्हें चरण पादुका जैसी अन्य योजनाओं का लाभ भी दिलाया जाएगा। इसी प्रकार प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में आगे भी निरंतर कार्य किए जायेंगे। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने क्षेत्रवासियों की मांग पर मदवानी कुदमुरा मार्ग की सड़क चौड़ीकरण, रामपुर बेहरचुआ नोनदरहा मार्ग में पक्की सड़क निर्माण एवं मदवानी पंचायत में आवश्यकतानुसार हैण्डपंप लगाने का कार्य जल्द शुरू कराने की बात भी कही। इस दौरान राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय ने ग्रामीणों को पुल के लोकार्पण के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार निरंतर विकास कार्य में जुटी हुई है एवं आगे भी विकास के काम जारी रहेंगे।

# नशे के हालात में वाहन चलाने वालों पर सजग कोरबा के तहत चलाया जा रहा विशेष अभियान

-संवाददाता-
कोरबा,16 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

कोरबा पुलिस सजग कोरबा के तहत लगातार नशे के खिलाफ कार्यवाही कर रही है इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक जिला कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस. चौहान एवं नेहा वर्मा के प्रवेक्षण में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी थाना/चौकी के द्वारा प्रमुख चौराहों में तथा सभी ग्रामीण थानों में सरप्राइज चेकिंग लगाकर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों के निर्देश के परिपालन में थाना एवं चौकी क्षेत्र में होली त्यौहार को देखते हुए पैदल पेट्रोलिंग किया जा रहा है । पेट्रोलिंग के दौरान असामाजिक तत्व, आम जगह पर शराब का सेवन करने वालों पर, पुलिस के टीम के द्वारा लगातार उनके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक एवं




दंडात्मक कार्यवाही किया जा रहा है। कोरबा पुलिस के द्वारा नागरिकों से अपील की जाती है कि वह दो पहिया वाहनों में तीन सवारी ना चले, चेहरे पर नकाब, गमछा, रुमाल, मास्क अन्य चीजों से चेहरा छुपा कर वाहन न चलाएं और ना ही शराब पीकर या बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाएं साथ ही हेलमेट पहनकर वाहन चलाएं ,जीवन अनमोल है। दिनांक 16.03.2024 को समझाइश एवं चेतावनी दी जाएगी, साथ ही दिनांक 17.03.2024 से नियमानुसार जो ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करेगा पुलिस के द्वारा उनके विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की जाएगी।

#### राम सियमबर गुप्ता के निधन से शोक में नगरवासी



सुरजपुर । नगर के प्रतिष्ठित नागरिक मेंन रोड़ निवासी राम सियमबर गुप्ता का शुक्रवार को 58 वर्ष की आयु में दुखद निधन हो गया। स्व गुप्ता का अंतिम संस्कार आज मुक्तिधाम सूरजपुर मे किया गया। वे समाज सेवी राम स्वरूप गुप्ता,रामकुसुम गुप्ता राम सजीवन गुप्ता संतोष गुप्ता के भाई आशु गुप्ता अमितांश गुप्ता के पिता एवं पत्रकार जितेंद्र गुप्ता के चाचा थे।

**नाम परिवर्तन**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि मै पुराना नाम मनोज गर्ग पिता जगमदर प्रसाद गर्ग अपना पुराना नाम को बदल कर नया नाम मनोज कुमार गर्ग पिता जगमदर प्रसाद गर्ग निवास/पता सदर रोड विवेकानंद वार्ड नं. 35 अम्बिकापुर रख लिया है।

अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय/अर्धशासकीय एवं अन्य दस्तावेजों में नया नाम मनोज कुमार गर्ग पिता जगमदर प्रसाद गर्ग से जाना एवं पहचाना जाये।

शपथ कर्ता
मनोज कुमार गर्ग
सदर रोड अम्बिकापुर

**नाम परिवर्तन**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि मै पुराना नाम पूनम अग्रवाल पिता मोहनलाल अग्रवाल अपना पुराना नाम को बदल कर नया नाम निमा गर्ग पिता मोहन लाल अग्रवाल निवास/पता सदर रोड विवेकानंद वार्ड नं. 35 अम्बिकापुर रख ली हूं।

अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय/अर्धशासकीय एवं अन्य दस्तावेजों में नया नाम निमा गर्ग पिता मोहन लाल अग्रवाल से जाना एवं पहचाना जाये।

शपथ कर्ता
निमा गर्ग
सदर रोड अम्बिकापुर

# आचार संहिता प्रभावशील होने के पश्चात जिले में सम्पत्ति विरूपण की कार्रवाई प्रारंभ

-संवाददाता-
कोरिया, 16 मार्च 2024 (घटती-घटना)।



लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत आज 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के तत्काल बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में प्रशासनिक अमले के द्वारा सम्पत्ति विरूपण की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा आज लोकसभा आम निर्वाचन तिथि की घोषणा करने के पश्चात् जिले के शहरी एवं ग्रामीणों सहित सभी क्षेत्रों में सम्पत्ति विरूपण के अंतर्गत शासकीय बैनर-पोस्टर आदि को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसके अंतर्गत आज नगर पंचायत शिवपुर चरचा, ग्राम बस्ती सहित जिले के अलग-अलग स्थानों में सम्पत्ति विरूपण की कार्रवाई की गई।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग**
**(भ/स) संभाग रामानुजगंज**

-::निविदा आमंत्रण सूचना::-

क्रमांक- 1177/NIT-15/2023-2024/व.ले.लि. दिनांक : 14/03/2024

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि- 21/03/2024 अपनान्ह 5.30 बजे तक

ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 28/03/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि - 02/04/2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम Nocalls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि(रू.में) बैंक साल्वेंसी(रू.में) | निविदा प्रपत्र की कीमत (रू. में) | निविदा कारों की श्रेणी | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 15 T0126 | 100 बिस्तरीय अस्पताल बलरामपुर में लिफ्ट मशीन कक्ष भवन का निर्माण कार्य द्वितीय आमंत्रण | 4.38 3300.00 300000.00 | A 750 | ई- पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक | 03 माह वर्षा ऋतु सहित |

निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www,pwd.cg.nic.in में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी0नं0- 08592/1

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
संभाग रामानुजगंज

## संक्षिप्त खेल समाचार

### कोलकाता नाइट राइडर्स कैंप से जुड़ेंगे श्रेयस अय्यर,मचाएंगे धमाल



नईदिल्ली,16 मार्च 2024। आगामी इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीजन से पहले केकेआर नाइट राइडर्स ने ईडन गार्डन में अपना पहला अभ्यास सत्र आयोजित किया। रिंकू सिंह और मनीष पांडे सहित सभी घरेलू क्रिकेटरों ने अभ्यास सत्र में भाग लिया। कप्तान श्रेयस अय्यर को लेकर थोड़ा भ्रम और अटकलें थीं कि वह आगामी सीज़न के लिए उपलब्ध होंने या नहीं। लेकिन केकेआर टीम प्रबंधन के सूत्रों के मुताबिक श्रेयस कोलकाता आ रहे हैं और उसके बाद वह जल्द ही टीम की प्रैक्टिस में शामिल होंगे। केकेआर के अभ्यास के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान मनीष पांडे ने कहा कि, हम उम्मीद कर रहे हैं कि एनसीए से मंजूरी मिलने के बाद, जो मुझे लगता है कि उसने कर दिया। वह जल्द से जल्द वापस आएगा और टीम में शामिल होगा। हम उसे पाकर खुश हैं। श्रेयस के बारे में जानकारी देने के अलावा पांडे ने कहा कि, श्रेयस के नेतृत्व में खेलना एक शानदार अनुभव होगा। हम इसका इंतजार कर रहे हैं।

### गावस्कर ने रणजी खिलाड़ियों की सैलरी बढ़ाने की वकालत की

नईदिल्ली,16 मार्च 2024। भारत के महान खिलाड़ी और पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से आग्रह करते हुए घरेलू क्रिकेटरों, खासकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट से जुड़े क्रिकेटरों के लिए पारिश्रमिक में उल्लेखनीय वृद्धि करने की वकालत की है। टेस्ट क्रिकेटरों को प्रोत्साहन देने के बीसीसीआई के हालिया कदम की सराहना करते हुए, गावस्कर ने राष्ट्रीय टीम के लिए प्राथमिक फीडर प्रणाली रणजी ट्रॉफी का समर्थन करने के महत्व पर जोर दिया।



गावस्कर ने कहा, बीसीसीआई द्वारा खेलने वालों को पुरस्कृत करना एक अद्भुत बात है, लेकिन मैं बीसीसीआई से यह भी अनुरोध करूंगा कि वह यह सुनिश्चित करे कि टेस्ट टीम के फीडर, जो कि रणजी ट्रॉफी है, का भी ध्यान रखा जाए।अगर रणजी ट्रॉफी की फीस दोगुनी या तिगुनी की जा सकती है, तो निश्चित रूप से बहुत अधिक लोग रणजी ट्रॉफी खेलेंगे, और रणजी ट्रॉफी से बहुत कम लोग हटेंगे, क्योंकि अगर रणजी ट्रॉफी मैच खेलने की फीस एक अच्छी फीस है और विभिन्न कारणों से कम लोग बाहर निकलेंगे।

### राशिद खान ने सर्वश्रेष्ठ टी 20 आई में गेंदबाजी का रिकॉर्ड बनाने का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

शारजाह,16 मार्च 2024। राशिद खान ने टी20 आई में अफगानिस्तान के कप्तान द्वारा सर्वश्रेष्ठ आंकड़े का दावा करते हुए रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया, यह उपलब्धि इससे पहले अफगानिस्तान और आयरलैंड के बीच शुरुआती टी20आई मुकाबले के दौरान नवाज मंगल ने 14 साल से अधिक समय तक हासिल की थी। राशिद के चार ओवरों में सिर्फ 19 रन देकर 3 विकेट लेने से गेंद में उनकी महारत का पता चला और उन्होंने अफगानिस्तान के गेंदबाजी शस्त्रागार में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। पॉल स्टर्लिंग, कर्टिस कैंपर और गैरेथ डेलानी सहित आयरलैंड के प्रमुख बल्लेबाजों को आउट करने के साथ, राशिद ने विपक्षी टीम को रोकने के लिए अफगानिस्तान के प्रयासों की अगुवाई की, जिससे आयरलैंड को उनके 20 ओवरों में 6 विकेट पर 149 रनों के मामूली स्कोर पर रोक दिया गया।

# डीसी और आरसीबी के बीच फाइनल मुकाबला आज

नईदिल्ली,16 मार्च 2024। विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 के एलिमिनेटर मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने मुंबई इंडियंस (एमआई) को हराते हुए फाइनल में प्रवेश किया।अब खिताबी मुकाबला 17 मार्च को आरसीबी और दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के बीच खेला जाएगा।हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली एमआई का सफर समाप्त होने के साथ ही आगामी सीजन में नया विजेता मिलना तय है। फॉर्म में चल रही दिल्ली कैपिटल्स पिछले साल चूक गई थी लेकिन अब रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ दूसरे महिला प्रीमियर लीग फाइनल में उसकी नजरें खिताब अपने नाम करने पर लगी होंगी। पिछले साल पहले सत्र के फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को मुंबई इंडियंस ने सात विकेट से हराया था। इस बार दिल्ली की टीम शानदार फॉर्म में है और आठ मैचों में 12 अंक लेकर पांच टीमों की लीग में शीर्ष पर है।

मेग लानिंग ने मोर्चे से अगुवाई करते हुए आठ पारियों में 308 रन बनाये हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका की हरफनमौला मारियाने काप और आस्ट्रेलिया की बायें हाथ की स्पिनर जेस जोनासेन ने 11 . 11 विकेट लिये हैं। इस सत्र में दिल्ली को दो बार ही पराजय का सामना करना पड़ा जब उसे मुंबई इंडियंस और यूपी



वारियर्स ने हराया। इसके अलावा उसका अभियान बेदाग रहा है। आरसीबी के खिलाफ अब तक खेले गए चारों मुकाबले उसने जीते हैं। लेकिन फाइनल में पिछला प्रदर्शन मायने नहीं रखेगा। यह नया दिन और नया मैच है जिसमें दबाव झेलने में कामयाब रहने वाली टीम को ही ट्रॉफी मिलेगी। दिल्ली को लानिंग और शेफाली वर्मा से अच्छी शुरूआत मिलने की उम्मीद होगी। जेमिमा रौड्रिग्स भी मध्यक्रम में फॉर्म में है लेकिन हरफनमौला एलिसे कैप्सी और काप से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। गेंदबाजी में जोनासेन, काप और शिखा पांडे ने अच्छा प्रदर्शन किया है। बायें हाथ की स्पिनर राधा यादव ने भी दस विकेट चटकाये हैं और कोटला की धीमी पिच पर उनकी भूमिका अहम होगी। दूसरी ओर आरसीबी लीग चरण में तीसरे स्थान पर रही थी लेकिन शुक्रवार को रोमांचक एलिमिनेटर में कम स्कोर बनाने के बावजूद मुंबई को पांच विकेट से हरा दिया।

हरफनमौला एलिसे पैरी पर बल्लेबाजी का जिम्मा होगा जो अब तक 312 रन बना चुकी है। उन्होंने सात विकेट भी चटकाये हैं। मुंबई के खिलाफ पैरी का हरफनमौला प्रदर्शन नहीं होता तो आरसीबी नहीं जीत पाती। पहले उन्होंने 50 गेंद में 66 रन बनाये और फिर एक विकेट भी लिया। उन्हें हालांकि कप्तान स्मृति मंधाना, सोफी डेवाइन, रिचा घोष और सोफी मोलिनू से और सहयोगी की उम्मीद होगी।

आरसीबी के गेंदबाजों खासकर रेणुका सिंह, श्रेयांका पाटिल और जॉजिया वेयरहेम को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

**दिल्ली कैपिटल्स :-** मेग लानिंग (कप्तान) , लौरा हैरिस, तान्या भाटिया, जेमिमा रौड्रग्स, शेफाली वर्मा, एलिसे कैप्सी, मरियाने काप, शिखा पांडे, अनाबेल सदरलैंड, जेस जोनासेन, मिन्नु मनी, पूनम यादव, अरूंधति रेड्डी, टिटास साधु, राधा यादव, अश्विनी कुमारी, अपर्णा मंडल, वी स्नेहा दीप्ति।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर :-**स्मृति मंधाना (कप्तान),रिचा घोष , दिशा कासात, एस मेघना, इंद्राणी रॉय, सतीश शुभा, हीदर नाइट, सिमरन बहादुर, एन डि क्लेर्क, सोफी डेवाइन, श्रेयांका पाटिल, एलिसे पैरी, आशा शोभना, एकता बिष्ट, केट क्रॉस, सोफी मोलिनू, श्रद्धा पोखरकर, रेणुका सिंह, जॉर्जिया वेयरहैम।

# बांग्लादेश पर भारी पड़ा श्रीलंका

» श्रीलंका ने 3 विकेट से जीता दूसरा वनडे...

» बांग्लादेश के खिलाफ पथुम निसांका का शतक...

» सीरीज 1-1 से बराबर, डिसाइडर 18 मार्च को...

नईदिल्ली,16 मार्च 2024। श्रीलंका ने बांग्लादेश को दूसरे वनडे में 3 विकेट से हरा दिया। चट्टोग्राम में बांग्लादेश ने 7 विकेट पर 286 रन बनाए। श्रीलंका ने 47.1 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। श्रीलंका से ओपनर पथुम निसांका ने 114 रन बनाए और अपनी टीम को जीत के करीब पहुंचाया।

दूसरे वनडे में जीत के साथ श्रीलंका ने 3 मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। दोनों टीमों के बीच सीरीज का तीसरा और आखिरी वनडे 18 मार्च को चट्टोग्राम में ही खेला जाएगा।

### बांग्लादेश की शुरुआत खराब, लिट्टन पहले ओवर में आउट

जहुर अहमद चौधरी स्टेडियम में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही, टीम ने पहले ही ओवर में लिट्टन दास का विकेट गंवा दिया। लिट्टन खाता भी नहीं खोल सके। उनके बाद सौम्य सरकार और कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने टीम को 50 रन के पार पहुंचाया।

शांतो 40 रन बनाकर आउट हुए और उनकी सौम्य के साथ 75 रन की पार्टनरशिप टूटी। सरकार ने फिर तौहीद हृदॉय के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप की।



वह 68 रन बनाकर आउट हुए और दोनों के बीच 55 रन की साझेदारी टूटी।

### सेंचुरी बनाने से चूके हृदॉय

130 रन के स्कोर पर 3 विकेट गिरने के बाद हृदॉय एक एंड पर टिक गए। उनके सामने मुशफिकुर रहीम 25, मेहदी हसन मिराज 12 और तंजिम हसन साकिब 18 रन बनाकर आउट हो गए।

तस्कीन अहमद 10 बॉल में 18 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। उनके सामने हृदॉय ने 102 बॉल पर 96 रन बनाए। उन्होंने पारी में 3 चौके और 5 सिक्स लगाए। टीम ने 50 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 286 रन बनाए।

### हसरंगा को 4 विकेट

श्रीलंका के लिए लेग स्पिनर वनिंदू हसरंगा ने 10 ओवर में 45 रन देकर 4 विकेट झटके। तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका ने 30 रन देकर 2 विकेट लिए। वह 6.4 ओवर ही गेंदबाजी कर सके, उन्हें 7वें ओवर में बॉलिंग करने में दिक्कत हुई, जिस कारण जनिथ लियानागे ने उनका ओवर कम्प्लीट किया। श्रीलंका से एक सफलता प्रमोद मदुशन को भी मिली।

### श्रीलंका की भी शुरुआत खराब

287 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी श्रीलंका टीम की भी शुरुआत खराब रही। ओपनर अविष्का फर्नांडो खाता खोले बगैर पहले ही ओवर में आउट हो गए। उनके बाद कप्तान कुसल मेंडिस 16 और सदीरा समरविक्रमा भी एक रन बनाकर पवेलियन लौट गए। टीम ने 43 रन के स्कोर पर 3 विकेट गंवा दिए।

### असलंका और निसांका ने की सेंचुरी पार्टनरशिप

पहले पावरप्ले में 3 विकेट गंवाने के बाद ओपनर पथुम निसांका और चरिथ असलंका ने संभलकर बैटिंग की। दोनों ने फिफ्टी पार्टनरशिप की और टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। दोनों ही प्लेयर्स ने अपनी-अपनी फिफ्टी पूरी कर सेंचुरी पार्टनरशिप की और स्कोर 150 रन के भी पार कर दिया।

### निसांका का शतक, असलंका सेंचुरी चूके

निसांका ने सेंचुरी लगाई और टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंच गया। वह 114 रन बनाकर मेहदी हसन मिराज का शिकार हुए और दोनों के बीच 185 रन की साझेदारी टूटी। उनके बाद असलंका भी 91 रन बनाकर आउट हो गए। टीम ने 235 रन के स्कोर पर 5 विकेट गंवा दिए।

आधी टीम पवेलियन लौटने के वक्त श्रीलंका को 12 ओवर में 52 रन ही चाहिए थे। तभी जनिथ लियानागे 9 और वनिंदू हसरंगा 25 रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि दुनिथ वेल्लालागे ने 16 बॉल पर 9 रन बनाए और टीम को जीत के पार पहंचा दिया।

### शोरिफुल-तस्कीन को 2-2 विकेट

बांग्लादेश के लिए शोरिफुल इस्लाम और तस्कीन अहमद ने 2-2 विकेट लिए। वहीं एक-एक सफलता तंजिम हसन साकिब, मेहदी हसन मिराज और तैजुल इस्लाम को भी मिली।

### सीरीज डिसाइडर 18 मार्च को

दूसरे वनडे के नतीजे के बाद 3 मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर हो चुकी है। तीसरा मैच 18 मार्च को चट्टोग्राम में ही खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच तीनों फॉर्मेट की सीरीज खेली जा रही है। टी-20 सीरीज श्रीलंका ने 2-1 से जीती थी। वहीं 2 मैचों की टेस्ट सीरीज 22 मार्च से शुरू होगी।

## आईपीएल 2024

### क्या दुबई में खेला जाएगा आईपीएल 2024 का दूसरा भाग ?



नईदिल्ली,16 मार्च 2024। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 की तारीखें जैसे-जैसे नजदीक आ रही हैं, वैसे-वैसे फैंस के बीच उत्साह भी बढ़ता जा रहा है. बीसीसीआई ने फिलहाल आईपीएल 2024 के शुरुआती 17 दिनों का शेड्यूल ही जारी किया है, जिसमें खेले जाने वाले 21 मुकाबले भारत में ही होंगे. लेकिन, अब बड़ी अपडेट सामने आ रही है कि आईपीएल 2024 के बचे हुए सभी मुकाबले यूएई में खेले जा सकते हैं. हालांकि, अभी तक इस मामले में आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आ सकी है...भारतीय क्रिकेट बोर्ड आईपीएल 2024 को सफल बनाने के लिए तैयारियों में जुटी हुई है. बोर्ड की ओर से शुरुआाती 17 दिनों का शेड्यूल भी जारी हो चुका है. मगर, अब खबरें आ रही हैं कि दूसरे फेज के मुकाबले बीसीसीआई भारत के बजाए दुबई में आयोजित कर सकता है. रिपोर्ट्स की मानें, तो आईपीएल 2024 का दूसरा भाग यूएई में खेला जा सकता है. हालांकि, ये तभी संभव है, जब मैच की तारीखें और चुनाव की तारीखें मैच होंगी या आस-पास होंगी.

दरअसल, लोकसभा चुनाव के चलते बीसीसीआई को ये फैसला लेना पड़ सकता है. हालांकि, अब तक लोकसभा चुनाव की तारीखें सामने नहीं आई हैं. ऐसे में बोर्ड अपना फैसला चुनाव की तारीखों के आने के बाद ही ले सकेगा. इससे पहले 2009 में भी आम चुनाव के कारण आईपीएल के दूसरे सीजन को भारत के बाहर साउथ अफ्रीका में खेला गया था. यदि बीसीसीआई आईपीएल 2024 के दूसरे भाग को यूएई में आयोजित करता है, तो इसमें चौकने वाली बात नहीं होगी.

# रिलीज हुआ पटना शुक्ला का ट्रेलर




### अब वकील बनकर इंसाफ दिलाएंगी रवीना टंडन

रवीना टंडन एक बार फिर ओटीटी पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं. उनकी नई फिल्म पटना शुक्ला का ट्रेलर जारी किया गया है,जो ओटीटी प्लेटफॉर्म हॉटस्टार पर दस्तक देगी। फिल्म में रवीना एक वकील तन्वी शुक्ला की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म का ट्रेलर शानदार है. ट्रेलर में एक ऐसे वकील की कहानी दिखाई गई है, जो अभी तक खुद को साबित नहीं कर पाई है। ट्रेलर में देखने को मिलता है कि तन्वी किचन में अपने पति और उनके दोस्तों के लिए पकौड़े तल रही है। तभी उनका पति अपने दोस्तों के साथ तन्वी का मजाक उड़ाते हुए कहता है कि छोटे-मोटे केस इसे मिल जाते हैं, लेकिन मेरी पत्नी एफिडेबिट अच्छा बनाती है। तन्वी को अपने पति की ये बात चुभ जाती है. फिर तन्वी के पास एक लड़की अपना केस लेकर आती है, जो रोल नंबर स्कैम से जुड़ा होता है। तन्वी इस केस को लडने् के लिए राजी हो जाती है लेकिन ये केस तन्वी के लिए कई सारी मुसीबतें खड़ी कर देता है। मीडिया पर ये केस बहुत हाइलाइट हो जाता है. तन्वी को धमकियां मिलनी शुरू हो जाती है। उसके पति की नौकरी भी चली जाती है लेकिन तन्वी हार नहीं मानती है और डटी रहती है। इस केस को जीतने में अपनी पूरा जी-जान लगा देती है.रवीना के अलावा इस फिल्म में अनुष्का कौशिक, जतिन गोस्वामी, चंदन रॉय सान्याल और मानव विज भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। वहीं दिवंगत एक्टर सतीश कौशिक भी इस मूवी में नजर आ रहे हैं। बता दें कि ये फिल्म 29 मार्च को हॉटस्टार पर रिलीज होगी। सलमान खान ने भी इस फिल्म का ट्रेलर मजेदार अंदाज में शेयर किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा है कि कभी लिंकिंग रोड, कभी कैडल रोड, कभी पेडर रोड, कभी ऑर्थर रोड... ढूंढता तुम्हें हर जगह... हमें बिना बताए रवीना कुछ नया लेकर आई है। वहीं सलमान के इस पोस्ट पर रवीना ने कमेंट करते हुए लिखा कि ना कार्टर रोड ना टनर रोड..अब मिलूंगी सीधा पटना. बन गई हूं तन्वी शुक्ला। मेरा स्वागत नहीं करोगे।

# शाहिद कपूर के साथ प्रेम की शादी बनाएंगे सूरज बड़जात्या डब्बा बंद नहीं हुई फिल्म



मैंने प्यार किया, हम आपके हैं कौन!, हम साथ साथ हैं और प्रेम रतन धन पायो जैसी फिल्मों के बाद सलमान खान और सूरज बडज़ात्या फिल्म प्रेम की शादी लेकर आने वाले थे।हालांकि, सलमान ने कई कारणों से फिल्म से किनारा कर लिया है। ऐसे में खबर आ रही थी कि बडज़ात्या की यह फिल्म डब्बा बंद हो गई है।ताजा खबर यह है कि बडज़ात्या फिल्म को एक अन्य अभिनेता के साथ बनाने का मन बना चुके हैं।सलमान के फिल्म से किनारा करने के बाद फिल्म बंद नहीं हुई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, बडज़ात्या अब युवा कलाकारों के साथ प्रेम की शादी बनाने की योजना बना रहे हैं। फिल्म के लिए निर्देशक ने शाहिद कपूर से संपर्क किया है।सूत्र ने कहा, बडज़ात्या अब स्क्रिप्ट में बदलाव कर रहे हैं और उन्होंने मुख्य किरदार की उम्र कम कर दी है। सलमान के फिल्म छोडऩे के बाद उन्होंने तुरंत शाहिद से संपर्क किया।सूत्र ने यह भी खुलासा किया कि शाहिद और बडज़ात्या अभी तक कई बार मिल चुके हैं।दोनों के बीच मुलाकातों के ये सिलसिले बात बनने की ओर इशारा कर रहे हैं।सूत्र के अनुसार, बडज़ात्या को उम्मीद है कि वह शाहिद को प्रेम की शादी में शामिल कर लेंगे।इतना ही नहीं शाहिद ने भी अपनी रुचि दिखाई है, लेकिन उन्होंने अभी तक प्रोजेक्ट को अपनी अंतिम मंजूरी नहीं दी है।बता दें, शाहिद और बडज़ात्या इससे पहले साथ में फिल्म विवाह बना चुके हैं। यह फिल्म साल 2006 में रिलीज हुई थी, जिसमें शाहिद और अमृता राव मुख्य भूमिका में थे। फिल्म में शाहिद ने प्रेम का किरदार निभाया था।प्रेम की शादी में बडज़ात्या, सलमान को एक बार फिर उनके पुराने अंदाज में पेश करने वाले थे, लेकिन सलमान ने फिल्म से मुहर लगाने के बाद कन्नी काट ली।फिल्म की शूटिंग इस साल शुरू होने वाली थी, लेकिन अभिनेता और निर्देशक के बीच फिल्म के कई पहलुओं पर असहमति थी।सलमान पुराने कॉन्सेप्ट के बजाय एक नई और रोमांचक फिल्म से जुडऩा चाहते हैं, इसलिए उन्होंने सूरज की फिल्म छोड़ दी है।प्रेम की शादी के अलावा, शाहिद दो ऐतिहासिक प्रोजेक्ट पर भी चर्चा कर रहे हैं। इसमें पूजा एंटरटेनमेंट की अश्वत्थामा और छत्रपति शिवाजी महाराज पर निर्देशक अमित राय की अगली फिल्म है।बताया जा रहा है कि सचिन रवि के निर्देशन में बनने वाली अश्वत्थामा पर शाहिद साइन कर चुके हैं लेकिन राय की फिल्म पर बातचीत चल रही है।इतना ही नहीं शाहिद अनीस बज्मी के साथ एक कॉमेडी एंटरटेनर की भी चर्चा कर रहे हैं।

# तृप्ति डिमरी ने बढ़ाई अपनी फीस,भूल भुलैया 3 के लिए डबल किया है चार्ज



संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल की सक्सेस के बाद से तृप्ति डिमरी नेशनल क्रश बन गई हैं। फिल्म में एक्ट्रेस का रोल कुछ ज्यादा बड़ा नहीं था फिर भी उन्होंने अपनी एक्टिंग से फैंस को दीवाना बना लिया है। एनिमल की सक्सेस के बाद से तृप्ति मेकर्स की पहली पसंद बन गई हैं। उन्हें कई प्रोजेक्ट्स ऑफर हो रहे हैं। तृप्ति की भूल भुलैया 3 में भी एंट्री हो चुकी है। रिपोर्ट्स की माने तो फिल्म के लिए एक्ट्रेस ने अपनी फीस बढ़ा दी है। तृप्ति ने अपनी फीस डबल कर दी है. फिर भी मेकर्स उन्हें खुशी-खुशी बढ़ी हुई फीस देने के लिए तैयार हैं।रिपोर्ट्स की माने तो एनिमल की सक्सेस के बाद इंस्टाग्राम पर उनके फॉलोअर्स पहले की तुलना में तिगुने हो गए थे। फॉलोअर्स में इतना बदलाव आने के बाद ही उन्होंने अपनी फीस बढ़ाने का फैसला लिया है। भूल भुलैया 3 के मेकर्स से तृप्ति ने अपनी फीस बढ़ाने के लिए कहा है और वो मान भी गए हैं क्योंकि वो फीस प्रोडक्शन के बजट में फिट बैठती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक तृप्ति ने एनिमल में अपने रोल के लिए 40 लाख फीस चार्ज की थी। अब उनकी फैन फॉलोइंग बढ़ गई है तो उन्होंने ये फीस बढ़ाकर 80 लाख कर दी है। हालांकि फीस बढ़ाने के बाद भी तृप्ति की फीस कार्तिक आर्यन से बहुत कम है। वो कार्तिक की फीस का सिर्फ 20 प्रतिशत चार्ज कर रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक कार्तिक आर्यन फिल्म के लिए 45-50 करोड़ चार्ज कर रहे हैं.कुछ समय पहले खबरें आ रही थीं कि तृप्ति को कई साउथ इंडियन फिल्में ऑफर हो रही हैं और उन्होंने प्रभास के साथ फिल्म साइन की है। इन अफवाहों पर तृप्ति ने रिएक्ट किया था. उन्होंने कहा- मैंने अभी तक कोई फिल्म साइन नहीं की है। हालांकि अगर वहां से ऑफर आएंगे तो मैं बहुत खुश हो जाऊंगी.तृप्ति की फिल्म एनिमल की बात करें तो इसमें रणबीर कपूर, अनिल कपूर, बॉबी देओल और रश्मिका मंदाना लीड रोल में नजर आए थे. इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की है।

# टॉमक्रूज़ मिशन इम्पॉसिबल 8 के दौरान करते थे हेलीकॉप्टरों का उपयोग



हॉलीवुड के रॉयल्टी टॉम क्रूज को कोई नहीं रोक सकता,अगर उन्होंने कुछ बेहद रोमांचकारी स्टंट फिल्माने का मन बना लिया है।फीमेल फर्स्ट यूके की रिपोर्ट के अनुसार, हॉलीवुड स्टार यह सुनिश्चित करने के लिए हेलीकॉप्टरों का उपयोग कर रहे हैं कि नवीनतम मिशन इम्पॉसिबल फिल्म सड़क निर्माण से बाधित न हो।टॉम ने यह सुनिश्चित करने का एक अभिनव तरीका खोजा है कि दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड में एम25 पर सड़क के काम के बीच मिशन- इम्पॉसिबल 8 के कलाकार और चालक दल काम पर आने-जाने में सक्षम हैं। एम 25 सड़क ग्रेटर लंदन के अधिकांश हिस्से को घेरती है। यह एक ऐसा कारनामा है जो बिल्कुल टॉम की फिल्म के एक दृश्य जैसा है।पिछले साल, हेले एटवेल ने टॉम से प्रेरित महसूस करने की बात स्वीकार की थी।41 वर्षीय अभिनेत्री ने 61 वर्षीय टॉम के साथ मिशन- इम्पॉसिबल फ्रेंचाइजी में काम किया है और हेले ने अपने सह-कलाकार को गहराई से प्रेरणादायक बताते हुए उनके काम की नैतिकता से प्रभावित होने की बात कबूल की।अभिनेत्री ने ईटी कनाडा को बताया, वह एक व्यक्ति का स्टूडियो है।÷उन्होंने कहा, ÷यह आदमी फिल्म निर्माण और दर्शकों के सिनेमाई अनुभव के बारे में कुछ भी नहीं जानता है।

# छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव तीन चरणों में होगा मतदान

## छत्तीसगढ़ में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और 7 मई को होंगे मतदान

**रायपुर,16 मार्च 2024(ए)।** लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा हो गई है। लोकसभा चुनाव के चुनाव 19 अप्रैल से सात चरणों में होंगे। पहला चरण 19 अप्रैल, दूसरा चरण 26 अप्रैल, तीसरा चरण 7 मई, चौथा चरण 13 मई, पांचवां चरण 20 मई, छठा चरण 25 मई और सातवां चरण 1 जून को होगा। जबकि वोटों की गिनती 4 जून को होगी।

छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और 7 मई चुनाव होंगे। चुनाव आयोग की ओर जारी तारीखों के अनुसार 19 अप्रैल को छत्तीसगढ़ में केवल एक सीट यानि बस्तर में मतदान होंगे। 26 अप्रैल को तीन सीटों कांकेर, राजनांदगांव और महासमुंद सीट पर मतदान होंगे। वहीं 7 मई को सरगुजा, जांजगीर-चांपा, कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर, दुर्ग व रायपुर में मतदान होंगे।

### छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव 2024




**पहला चरण**

लोकसभा सीट- बस्तर, मतदान- 19 अप्रैल

**दूसरा चरण**

लोकसभा सीट- कांकेर, राजनांदगांव, महासमुंद, मतदान- 26 अप्रैल

**तीसरा चरण**

लोकसभा सीट- रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, जांजगीर चांपा, दुर्ग और सरगुजा, मतदान- 7 मई

चुनाव आयोग ने आज दोपहर तीन बजे प्रेस कांफ्रेंस में लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है। छत्ते तीसगढ़ में तीन चरणों में 11 सीटों के लिए मतदान होंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने लोकसभा चुनाव के पूरे कार्यक्रम की जानकारी दी।

2019 की तरह 2024 का लोकसभा चुनाव भी सात चरणों में होंगे। वहीं छत्ते तीसगढ़ में भी पिछले वर्ष की तरह 2024 में तीन चरणों में चुनाव होंगे। इस दौरान पहले, दूसरे और तीसरे चरण में मतदान होंगे। 2019 में छत्ते तीसगढ़ में तीन चरणों में चुनाव हुए थे।

### 2019 में छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में हुए थे चुनाव

2019 के लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में मतदान हुआ था। पहले चरण में 11 अप्रैल को बस्तर, 18 अप्रैल को राजनांदगांव, महासमुंद व कांकेर, जबकि अंतिम चरण 23 अप्रैल को सरगुजा, जांजगीर-चांपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग व रायपुर में मतदान हुआ था।

### छत्तीसगढ़ के चार चुनावों का पूरा समीकरण

छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद हुए चार लोकसभा चुनावों में तीन चुनावों का परिणाम 10-1 जबकि 2019 में 9-2 का रहा है। शुरुआती तीन चुनावों 10 सीटें भाजपा और एक सीट कांग्रेस जीती है। हालांकि कांग्रेस की जीत वाली सीट हर बार बदलती जा रही है।

वहीं 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस दो सीटों पर जीत दर्ज करने में कामयाब रही। कांग्रेस ने बस्तर के साथ कोरबा सीट पर भी जीत दर्ज की।

## संक्षिप्त खबरें

### सासंद दीपक बैज की गाड़ी हुई दुघर्टनाग्रस्त

**रायपुर,16 मार्च 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और बस्तर सांसद दीपक बैज सड़क हादसे का शिकार हो गए हैं। उनकी गाड़ी को फ ॉलो गाड़ी ने पीछे से टक्कर मार दी है। हालांकि उनको किसी प्रकार की चोट नही पहुंची है।



हादसा जगदलपुर से रायपुर जाते वक्त कोंडागांव के नजदीक हुआ है। जानकारी के अनुसार दीपक बैज शनिवार की सुबह जगदलपुर से रायपुर के लिए निकले थे। उनका काफिला जब नेशनल हाईवे-30 पर कोंडागांव के भूमका नाला के पास पहुंचा। उसी समय सामने से एक ट्रक आ रहा था। ट्रक को देख गाड़ी धीमी की। इसी बीच दीपक बैज के काफिले में शामिल फॉलो गाड़ी ने पीछे से उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी।

### नरेंद्र शुक्ला और आलोक चंद्रवंशी बनाये गए राज्य सूचना आयुक्त



**रायपुर,16 मार्च 2024(ए)।** राज्य सूचना आयोग में रिक्त आयुक्त के दो पदों के लिए चयन समिति की कल सीएम हाउस में बैठक हुई। बैठक में सीएम विष्णु देव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सीएम सचिव मुकेश कुमार शामिल हुए। वहीं नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत राजधानी से बाहर होने के कारण शामिल नहीं हो सके। इस बैठक में रिटायर्ड ढ्ढस् नरेंद्र शुक्ला और निगम के पूर्व जोन कमिश्नर आलोक चंद्रवंशी के नामों पर मुहर लगाने के बाद इनकी नियुक्ति का आदेश जारी कर दिया गया है।बताते चलें कि इन दो पदों के लिए जीएडी ने पिछले माह आवेदन आमंत्रित किए थे। इसमें सौ से अधिक रिटायर्ड आईएएस आईपीएस, आईएफएस, वकील, सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्तियों ने आवेदन जमा किए थे।

# 12 एएसपी और 39 डीएसपी समेत टीआई की हुई पोस्टिंग

» विभाग में लंबे समय से आउटर में पदस्थ एएसपी व सीएसपी की वापसी...

» राजधानी के सभी थानों में कुर्सी बदली, पुलिस लाइन से नए प्रभारियों को जिम्मा...

**रायपुर,16 मार्च 2024(ए)।** लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लगने के ठीक कुछ ही घंटे पहले राज्य शासन ने पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल करते हुए अधिकारियों का तबादला किया है। राज्य पुलिस सेवा से 12 एडिशनल एसपी, 39 डीएसपी समेत दर्जनभर थानेदारों की नई जगह में पोस्टिंग की गई है। राजधानी में लगभग सभी थानों के प्रभारियों को बदला गया है।

शनिवार को आचार संहिता लगने के ठीक दो घंटे पहले ही राज्य शासन की ओर से नया तबादला आदेश जारी किया गया। राज्य पुलिस सेवा से ओम प्रकाश शर्मा को रायपुर यातायात एडिशनल एसपी बनाया गया है। जबकि अपराध अनुसंधान विभाग से एएसपी चंचल तिवारी का तबादला आईजी कार्यालय किया गया है।छह एडिशनल एसपी बदले गए हैं जिनमें




अभिषेक सिंह को एडिशनल एसपी धमतरी, राम गोपाल करियारे को एडिशनल एसपी रायगढ़, ओम प्रकाश चंदेल को एडिशनल एसपी गोरेला पेंड्रा मरवाही की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विभाग में 39 डीएसपी का भी तबादला किया गया है। राजधानी के सभी थानों में प्रभारियों का चार्ज बदला गया है। कई इंस्पेक्टरों की पुलिस लाइन से थानों में वापसी हुई है। लंबे समय से एक ही थाने में जमें थानेदारों लाइन भेजा गया है।

### इन थानों में अब नए प्रभारी

उरला- भेखलाल चंद्राकर
आरंग- सत्येंद्र सिंह श्याम
खम्हारडीह- श्रुति सिंह
राजेंद्र नगर - जीतेंद्र ताम्रकर
सिविल लाइन - रोहित मालेकर
आमानाका- दिपेश जायसवाल
तेलीबांधा- विनय सिंह बघेल
गोबरानवापारा- दीपक पासवान
विधानसभा - मुकेश शर्मा
मौदहापारा - मनोज नायक
कोतवाली - सुधांशु बघेल
गुढ़ियारी - कृष्ण कुमार कुशवाहा
कबीर नगर - रविंद्र कुमार यादव
गोल बाजार - अर्चना बंछोर
सरस्वती नगर - लखन लाल पटेल
पंडरी - शील आदित्य कुमार सिंह
खमतराई - शिव नारायण सिंह
तिल्दा नेवरा - जितेंद्र ऐसैय्या
राखी - अजीत सिंह राजपूत
देवेंद्र नगर - आशीष यादव
मुजगहन - आशीष सिंह राजपूत
पुरानी बस्ती - योगेश कश्यप
एसीसीयू - परेश कुमार पांडे
यातायात- राजेश सिंह
भुनेश्वर साहू - यातायात
मंदिर हसौद- सचिन सिंह
अजाक - मंजूलता राठौर
गंज- सुरेंद्र श्रीवास्तव
रक्षित केंद्र- लता चौरे
अजाद चौक - प्रमोद सिंह
कंट्रोल रूम/ जिविशा - नरेंद्र मिश्रा
राम नगर चौकी - सिद्धेश्वर प्रताप सिंह
सिलतरा चौकी - प्रहलाद राठौर

# बदमाशों ने डीएसपी की मां के गले से छीना चेन



### राजधानी में पुलिस के परिजन भी असुरक्षित

**रायपुर,16 मार्च 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में गुंडे-बदमाश के हौसले बुलंद होते जा रहे है। आए दिन कई गंभीर आपराधिक मामले हो रहे हैं। शहर के सड़कों पर अपराधी बेखौफ होकर घूम रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि उनके अंदर थोड़ा भी पुलिस-प्रशासन का डर नहीं है। इतना ही नहीं लोगों की जान माल की सुरक्षा करने वाले पुलिस कर्मियों के परिवार भी अपने आप को असुरिक्षत महसूस करने लगे हैं। पुलिस के सख्त तेवर अपनाने के बाद भी अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और वे वारदात को अंजाम देने से पीछे नहीं हट रहे हैं। इसी कड़ी में एक बार राजधानी रायपुर में चेन स्नेचिंग का मामला सामने आया है। यह वारदात किसी और के साथ नहीं बल्कि पुलिस विभाग में पदस्थ डीएसपी की मां के साथ हुई।

### राजधानी के पॉश इलाके में बड़ी वारदात

मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस विभाग में डीएसपी के पद पर पदस्थ अधिकारी की 72 वर्षीय मां सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकली थी। इसी दौरान शहर के पॉश इलाकों में से एक शंकर नगर की चौपाटी के पास बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद बदमाश वहां से फरार हो गए। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही सिविल लाइन थाना क्षेत्र की पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जांच में जुट गई है और आरोपियों की तलाश कर रही है।

# गबन मामले में निलंबित सीईओ को सरकार ने सहायक परियोजना अधिकारी बनाया

### पंकज देव के खिलाफ सिमगा में मामला दर्ज

**रायपुर,16 मार्च 2024(ए)।** 10 लाख रुपये के गबन के मामले में गिरफ्तारी के बाद निलंबित हुए पूर्व जनपद पंचायत सीईओ पंकज देव को राज्य सरकार ने बहाल कर दिया है। हाईकोर्ट के आये फैसले के बाद मुख्य कार्यपालन अधिकारी रहे पंकज देव को राज्य सरकार ने बहाली के बाद नयी पोस्टिंग दी है। उन्हे राज्य



सरकार ने राजनांदगांव का सहायक परियोजना अधिकारी बनाया है।

पंकज देव के खिलाफ सिमगा में मामला दर्ज किया गया था, जिसके बाद पुलिस ने शासन से मिले 10 लाख रुपये के गबन के मामले में उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। पूरा मामला दामाखेड़ा में धर्मदास साहब के 625वें प्राकट्य उत्सव के लिए शासन से मिले 10 लाख रुपये के गबन का है। गबन में मदद करने वाले दुर्गेश देवांगन, लिखोराम देवांगन व श्रेयांश देवांगन को भी मामले में गिरफ्तार किया गया था।

# विमानन सचिव ने महामाया एयरपोर्ट से उड़ान सेवा संचालन का लाइसेंस सीएम को भेंट किया




**रायपुर,16 मार्च 2024(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को आज यहां मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में विमानन सचिव पी. दयानंद ने सरगुजा स्थित मां महामाया एयरपोर्ट को डीजीसीए द्वारा उड़ान संचालन हेतु प्रदत्त लाइसेंस भेंट किया। मुख्यमंत्री साय ने सरगुजा संभाग के साथ ही प्रदेशवासियों के लिए सौभाग्य की बात कहते हुए सभी को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, विमानन संचालक नीलम नामदेव एक्का, कैप्टन पंकज जायसवाल और संजय श्रीवास्तव भी उपस्थित थे।

# ठेका देने में थी चारों अधिकारियों की संदिग्ध भूमिका

**विभागीय जांच में हुआ खुलासा**

**बिलासपुर,16 मार्च 2024 (ए)।** सीएम विष्णुदेव सरकार के जीरो टारलैंस का संकल्प झुठलाने में आमादा हैं स्टेट हाउसिंग कारपोरेशन। करोड़ों रुपए के गोदाम निर्माण का ठेका देने में थी चारों अधिकारियों की संदिग्ध भूमिका का विभागीय जांच में खुलासा होने के बाद भी सभी अपने पद पर बने हुए हैं। सदन में मामला उठने के बाद भी 1 साल से जमे हैं 4 दोषी अफसर।

मजे की बात यह कि बीजेपी के विधायकों ने भूपेश सरकार के कार्यकाल के दौरान हुए गोदाम निर्माण में घोटाले का मुद्दा सदन में बाबुलंद आवाज़ में उठाया था। विभागीय जांच भी संयुक्त संचालक वित्त के नेतृत्व में सालभर पहले की गई।जांच में छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कारपोरेशन के चार अधिकारी सहायक अभियंता ताराचंद गबेल ,अवधेश कुमार गुप्ता प्रबंधक लेखा एवं उपसंचालक मनोज सिंह ,प्रबंधक वाणिज्य मोहम्मद आगा हुसैन जो वेयरहाउस कमेटी द्वारा निविदा के संबंध में बनाई गई टेक्निकल कमेटी में शामिल थे, के द्वारा अपात्र ठेकेदार को पात्र बनाते हए करोड़ों रुपए का गोदाम निर्माण का ठेका देने में अहम भूमिका मणि गई थी। जांच अधिकारीयों ने पुरे मामले में एफआईआर करवाने की भी अनुशंसा की लेकिन, दोषी अफसरों पर मामला दर्ज होना तो दूर उन्हें पदमुक्त भी नहीं किया गया है।मामला छग वेयर हाउसिंग कारपोरेशन का है जिसमे करोड़ों रुपए के गोदाम निर्माण का ठेका देने में चार अधिकारियों की भूमिका जांच में स्पष्ट तौर पर संदिग्ध पाई गई है तथा कदा चरण का दोषी पाया गया है। जांच रिपोर्ट में विभागीय जांच के साथ ही गहन पुलिस अन्वेषण की अनुशंसा की गई है लेकिन लगता है इन दागी चारो अफसरों को कोई बचाने में जुट हुआ है तभी तो किसी भी प्रकार की कोई कारवाई नही हो पा रही है । इन चारो अफसरों को चुनाव आयोग की भी कोई परवाह नही है और वर्षो से एक ही स्थान पर पदस्थ है।



### क्या है मामला और कौन है ये अफसर

छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कारपोरेशन के चार अधिकारी सहायक अभियंता ताराचंद गबेल ,अवधेश कुमार गुप्ता प्रबंधक लेखा एवं उपसंचालक मनोज सिंह ,प्रबंधक वाणिज्य मोहम्मद आगा हुसैन जो वेयरहाउस कमेटी द्वारा निविदा के संबंध में बनाई गई टेक्निकल कमेटी में शामिल थे, के द्वारा अपात्र ठेकेदार को पात्र बनाते हुए करोड़ों रुपए का गोदाम निर्माण का ठेका देने में अहम भूमिका निभाई। यो कहें कि इन चारो अफसरों की अनुशंसा पर ही बिलासपुर के ठेकेदार को जैजैपुर और सारागांव में गोदाम निर्माण का ठेका दे दिया गया।

# मुठभेड़ में एक माओवादी ढेर

» भारी मात्रा में नक्सल सामग्री बरामद

» एसपी ने बताया, पुलिस पार्टी पूरी तरह सुरक्षित

**कांकेर,16 मार्च 2024(ए)।** पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में पुलिस पार्टी ने एक नक्सली को ढेर कर नक्सल सामग्री जब्त किया है। यह मुठभेड़ चिलपरस के जंगलों में हुई। पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में सुरक्षा बल के जवानों ने डटकर मुकाबला किया और एक नक्सली को मारा गिराया। पुलिस ने नक्सली का शव बरामद कर लिया है। इसकी पुष्टि एसपी इंदिरा कल्याण एलिसेला ने की है।मुठभेड़ स्थल पर पुलिस पार्टी का सर्चिंग अभियान जारी है। मौके से एक वर्दीधारी नक्सली का शव, एक ऑटोमेटिक रायफल समेत भारी मात्रा में नक्सल सामग्री बरामद किया गया है। एसपी ने बताया, पुलिस पार्टी पूरी तरह सुरक्षित है। मुठभेड़ के बाद वापस लौट रही है।



# छत्तीसगढ़ के 2 कुख्यात नक्सली को पुलिस ने पकड़ा

**बीजापुर,16 मार्च 2024 (ए)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षाबल की संयुक्त पार्टी ने दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस के मुताबिक गंगालूर थाना क्षेत्र के पालनार से एक नक्सली मिलिशिया सदस्य मुन्ना ताती (34) पालनार थाना गंगालूर को पकड़ा गया। मुन्ना 31 मार्च 2023 को गंगालूर पोटामपारा रोड में हुए विस्फोट में आईईडी प्लांट व विस्फोट करने की घटना में शामिल रहा। वहीं 19 दिसम्बर 2020 को गंगालूर थाना क्षेत्र के पालनार में धरना-प्रदर्शन करते हुए महिला कमांडो व पुलिस पार्टी पर पथराव करने, धक्का-मुक्की करने व लोक सेवक के कार्य में बाधा पहुंचाने की घटना में शामिल मिलिशिया सदस्य एनकु ताती (28) पालनार पटेलपारा थाना गंगालूर को पकड़ा गया। इसके खिलाफ गंगालूर थाना में एक स्थाई वारंट लंबित है। पकड़े गए नक्सलियों के विरुद्ध गंगालूर थाना में वैधानिक कार्रवाई के बाद न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है।



प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)